जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

जोधपुर, शुक्रवार, 5 जनवरी, 2024 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675 :: वर्ष 20 :: अंक 104 www.hukmnamasamachar.com

## देशभर के पुलिस महानिदेशक महानिरीक्षण सम्मेलन आज से

# प्रधानमंत्री मोदी आज जयपुर में

## 3 दिन जयपुर में रहेंगे पीएम मोदी और अमित शाह



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान में सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरी बार जयपुर आ रहे हैं जहां जयपुर में होने जा रही डीजी-आईजी कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए पीएम 5 जनवरी की शाम को जयपुर आएंगे. वहीं पीएम एयरपोर्ट से सीधे बीजेपी कार्यालय पहुंचेंगे जहां वह बीजेपी नेताओं की एक संगठनात्मक बैठक ले सकते हैं. वहीं बैठक में प्रदेश बीजेपी के सभी पदाधिकारी और विधायकों को मौजूद रहने के लिए कहा गया है। वहीं पीएम जयपुर के राजभवन में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इधर पीएम मोदी की बैठक को लेकर प्रदेश बीजेपी कार्यालय में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. सीएम भजनलाल शर्मा खुद गुरुवार को बीजेपी ऑफिस पहुंचे और पीएम मोदी के दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लिया।

बता दें कि जयपुर आते ही पीएम मोदी सीधा कार्यालय जाएंगे वह बीजेपी के प्रदेश पदाधिकारी,विधायकों की बैठक लेंगे। इस बैठक में संभाग प्रभारी,सातों मोर्चों के प्रदेशाध्यक्ष भी शामिल होंगे. पार्टी की ओर से सभी को शाम 4 बजे ऑफिस पहुंचने का आदेश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी बीजेपी ऑफिस में करीब 2 घंटे रुक सकते हैं जहां मुख्य रूप से लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा हो सकती है. बताया जा रहा है कि 25 लोकसभा सीटों में से एक-एक सीट पर चर्चा हो सकती है। दरअसल पीएम बनने के बाद यह पहला मौका है जब मोदी पार्टी कार्यालय आ रहे हैं।

### डीजी-आईजी सम्मेलन में होंगे शामिल

पीएम मोदी 6 जनवरी को डीजी-आईजी कांफ्रेंस में भाग लेंगे. वहीं इससे पहले वह बीजेपी की बैठक में लोकसभा की सभी 25 सीटों को जीतने के लिए वर्किंग का जायजा लेने के साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का फीडबैक भी ले सकते हैं. इसके अलावा नमो ऐप के जरिए चल रहे सर्वे में भागीदारी और अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

## 100 से ज्यादा गाड़ियों के साथ रिहर्सल, वीवीआईपी मूवमेंट के कारण रोका जाएगा ट्रैफिक



गुरुवार को 100 से ज्यादा गाड़ियों ने एयरपोर्ट से राजभवन, राजभवन से एयरपोर्ट और एयरपोर्ट से सहकार मार्ग स्थित आरएएसबी के क्वार्टर तक रिहर्सल किया। इस दौरान रास्ते में कई जगहों पर ट्रैफिक भी रोका गया था। कल से तीन दिन वीवीआईपी मूवमेंट के कारण कई रास्तों पर ट्रैफिक रोका जाएगा।

कार्यक्रम में सभी राज्यों के डीजी-आईजी के साथ ही कई एजेंसियों के प्रमुख भी शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में सुरक्षा के लिए जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने तमाम इंतजाम कर लिए हैं। मोदी और शाह के जयपुर में आने और जाने को लेकर रिहर्सल पूरी कर ली गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और एनएसए डायरेक्टर अजीत डोभाल शुक्रवार दोपहर 1 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जाएंगे। इस दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जेएलएन मार्ग पर ट्रैफिक रोका जाएगा। अमित शाह और अजीत डोभाल के लिए जयपुर में रुकने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे बीजेपी ऑफिस जाएंगे।

### पुलिस मुख्यालय और अभय कमांड से रहेगी रूट पर नज़र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के जयपुर आने के दौरान उनके रूट पर और उनके वाहनों पर अभय कमांड रूम से नजर रखी जाएगी। ट्रैफिक कंट्रोल रूम अभय कमांड सेंटर और अभय कमांड सेंटर पुलिस मुख्यालय को जानकारी देकर अपडेट करता रहेगा।

### एसपीजी ने 10 दिन से संभाल रखा मोर्चा

पीएम मोदी के दौरे को लेकर एसपीजी ने पिछले 10 दिन से वहां डेरा डाल रखा है। एसपीजी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर को अपने कब्जे में ले लिया है। यहां आने और जाने के हर मार्ग पर पुलिस का कड़ा पहरा है। एसपीजी ने सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी खुद ले रखी है। स्टेट पुलिस को इंतजाम करने के लिए कहा गया है।

कॉन्फ्रेंस के दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जेडीए चौराहे तक, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, भवानी सिंह रोड, 22 गोदाम सर्किल से राममंदिर, राजभवन तक, 22 गोदाम सर्किल से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक, सहकार मार्ग और पोलो सर्किल से विधायक आवास तक के रास्ते पर वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा। इसके चलते इन रास्तों पर कुछ समय के लिए सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक को रोका जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हिज्बुल का वांछित आतंकवादी जावेद अहमद मट्टू दिल्ली में पकड़ा गया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में हिज्बुल मुजाहिदीन का वांटेड आतंकी जावेद अहमद मट्टू गुरुवार को दिल्ली में पकड़ा गया। उन्हें दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। माटेओ पर जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है और वह सुरक्षा एजेंसियों की सूची में घाटी के शीर्ष 10 लक्ष्यों में से एक था। उसके सिर पर 5 लाख रुपये का इनाम था। मट्टू सोपोर का रहने वाला है और कई बार पाकिस्तान जा चुका है। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस से पहले, एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें मट्टू के भाई को सोपोर में अपने घर पर तिरंगा फहराते हुए दिखाया गया था।

### कांग्रेस ने भारत न्याय यात्रा का नाम बदला, इसे भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत न्याय यात्रा का नाम बदल दिया है। अब इस यात्रा का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगा। गुरुवार (4 जनवरी) को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा नाम अब ब्रांड बन चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत पार्टी के सभी महासचिव, प्रदेश प्रभारी, कांग्रेस विधायक दल के नेता भी मौजूद रहे। बैठक में यात्रा की तैयारियों और लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। खड़गे ने कहा- मीटिंग का एजेंडा 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी करने से जुड़ा है। हमारे लिए दोनों की सफलता जरूरी है, हमें इसके लिए समय देना होगा।

### भाजपा मेरी गिरफ्तारी चाहती है, ताकि लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकूं-केजरीवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को शराब घोटाला मामले में ED (एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट) के समन को फिर गैर कानूनी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मकसद जांच कराना नहीं है, बल्कि लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है केजरीवाल ने 4 मिनट 10 सेकेंड के वीडियो के जरिए अपनी बात रखी। दरअसल, आम आदमी पार्टी के मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने 3 जनवरी की देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था- खबर आ रही है कि केजरीवाल के आवास पर कल सुबह ईडी की रेड पड़ेगी। गिरफ्तारी की संभावना भी है। केजरीवाल ने कहा, नमस्कार-शराब घोटाला... पिछले 2 साल से यह शब्द आपने कई बार सुना होगा।

### पटेला री पोल

सर्दी पड़ी तो ठिठुरन बढ़ी, कोहरे का प्रकोप भी भारी मावठ का इंतजार हो रहा, तब तक ओस पड़ती रहे सारी गर्म कपड़े भी कम पड़ रहे, सुनी शाम को सड़के सब दिखती दिनभर गजक मूंगफली रेवड़ी चलती, शाम को दारू बिकती

..मुखिया जी



# प्रदेश में मावठ की संभावना, आधे से ज्यादा राज्य में छाया कोहरा, फ्लाइट रद्द

## माउंट आबू में पारा 0 डिग्री पर पहुंचा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान में गुरुवार को आधे से ज्यादा हिस्सों में घने कोहरे के कारण सुबह 11 बजे तक सूरज नहीं दिखा। जयपुर से उदयपुर जाने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया। कम विजिबिलिटी और सर्द हवा के कारण 20 से ज्यादा जिलों में ट्रैफिक संचालन प्रभावित रहा मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कोहरे का ये प्रभाव शुक्रवार भी राज्य के कई हिस्सों में रहेगा। 6 जनवरी से इससे राहत मिलनी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग ने 7 से 9 जनवरी तक मावठ होने की संभावना जताई है। हिल स्टेशन माउंट आबू का तापमान एक बार फिर जमाव बिंदु पर पहुंच गया। यहां पेड़-पौधों और घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों पर ओस की बूंदें जम गईं। आबू में 3 जनवरी को न्यूनतम तापमान माइनस 2 पर था।

**इन जिलों में कोहरे का सबसे ज्यादा असर** राज्य में बीकानेर संभाग के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, भरतपुर संभाग के भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, धौलपुर, कोटा संभाग के बारां, झालावाड़, बूंदी कोटा, जयपुर संभाग के जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं में और अजमेर संभाग के अजमेर, नागौर, भीलवाड़ा, टोंक में कोहरा का प्रभाव रहा। इसी तरह जोधपुर संभाग के जैसलमेर, फलौदी और उदयपुर संभाग के चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर एरिया में कोहरे से जनजीवन प्रभावित रहा।

**कोहरे के कारण फ्लाइट्स में देरी** जयपुर में कोहरे से एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। इस कारण जयपुर से उदयपुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट रद्द करनी पड़ी। इसके अलावा भोपाल जाने वाली फ्लाइट भी देरी से रवाना हुई, जबकि अहमदाबाद से जयपुर आने वाली फ्लाइट भी समय पर जयपुर नहीं पहुंची।

## एमपी और यूपी में बारिश के बाद सर्दी बढ़ी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार सुबह तेज हवा के साथ बारिश हुई। इसके बाद लोगों को तीखी सर्दी का अहसास हुआ। यूपी के मुजफ्फरनगर में तो पारा 4.3 डिग्री तक पहुंच गया। सर्दी को देखते हुए प्रयागराज में 6 जनवरी तक स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार, राजस्थान समेत 15 राज्यों में गुरुवार को दिन की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। भोपाल, जयपुर समेत उत्तर और मध्य भारत के 22 शहरों में विजिबिलिटी 200 मीटर से कम रह गई। इस वजह से दिल्ली पहुंचने वाली 26 ट्रेनें लेट चल रही हैं।

## सीबीआई की राजस्थान में तीन साल बाद दस्तक, अब नहीं लेनी होगी अनुमति

### सीबीआई को राज्य में अनुसंधान के लिए सामान्य सहमति के आदेश जारी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरूवार को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य से जुड़े मामलों में जांच के लिए, राज्य सरकार से सामान्य सहमति की अनुमति दे दी है।

प्रस्ताव अनुसार, अब केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को राज्य में अनुसंधान के लिए प्रत्येक मामले में राज्य सरकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करने से सीबीआई भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाई कर पाएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछली सरकार द्वारा सीबीआई को अनुसंधान हेतु दी गई सामान्य सहमति का निर्णय वापस ले लिया गया था। इससे अनुसंधान में विलम्ब एवं अपराध के साक्ष्य के नष्ट होने की संभावना बनी रहती थी।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सीबीआई राज्य में भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाई कर सकेगी, इससे राज्य में भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

## करणपुर में मतदान आज

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करणपुर विधानसभा स्थगित चुनाव 2023 के संदर्भ में गुरूवार 4 जनवरी को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय गंगानगर से मतदान दलों को तृतीय व अंतिम प्रशिक्षण देकर रवानगी दी गई। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में 249 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा, जहां मतदाता प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि करणपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 249 मतदान केन्द्र है, जिनमें से शहरी क्षेत्र के 37 और ग्रामीण क्षेत्र के 212 मतदान केन्द्र है। 125 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 40 हजार 826 मतदाता है, जिनमें 125850 पुरुष व 114966 महिला तथा 10 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल है। 180 सर्विस वोटर पंजीकृत हैं।

उन्होंने बताया कि करणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 24 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं जबकि 10 रिजर्व में रखे गए हैं। करणपुर एवं पदमपुर के लिए 2 एरिया मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। गुप्ता ने बताया कि कुल 249 मतदान केंद्रों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर चार कर्मचारी और एक पुलिसकर्मी, 8 बूथों पर महिला कार्मिक, 8 बूथों पर युवा कार्मिक, 1 बूथ पर दिव्यांग कार्मिक रहेंगे वहीं संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। सभी मतदान बूथों पर मतदान हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ लेते हुए वहां आने वाले दिव्यांगजन एवं 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ मतदाता अपना मत बिना किसी असुविधा के डाल सकते हैं। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में 9 अक्टूबर 2023 से अब तक कुल 10 करोड़ 3 लाख रूपए से अधिक की कीमत का सीजर हुआ है। जिसमें से 14 लाख नकद, 38 लाख 88 हजार की शराब, 9 करोड़ 33 लाख के ड्रग्स एवं 15 लाख रूपए से अधिक कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी है।

## सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस-टीएमसी में खींचतान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया है कि वे लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की सीटों का ईमानदारी से बंटवारा नहीं कर रही हैं। ममता इस वक्त पीएम मोदी की खुशामद में लगी हैं। इसलिए वे गठबंधन की राजनीति नहीं करना चाहती हैं।

अगर वे गठबंधन की राजनीति करेंगी तो पीएम मोदी गुस्सा हो जाएंगे। मोदी जी को जिस बात पर गुस्सा आता है, ममता दीदी वो काम नहीं करती हैं।

दरअसल, एक दिन पहले ही जानकारी सामने आई थी कि ममता ने कांग्रेस को दो सीटें देने की बात कही है। अधीर ने इसी को लेकर बयान दिया है। अधीर ने कहा कि ममता बनर्जी कह रही हैं वे राज्य में कांग्रेस को दो सीटें देंगी।

ये दो सीटें वे हैं, जो कांग्रेस पहले ही जीत चुकी है। वहां कांग्रेस के सांसद हैं, तो ममता हमें नया क्या दे रही हैं? ये दो सीटें हमने ममता बनर्जी और भाजपा को हराकर जीती हैं। ममता ये सीटें देकर क्या हम पर कोई एहसान कर रही हैं? कौन अब उन पर भरोसा करेगा? चुनाव जीतने के लिए ममता को कांग्रेस की जरूरत है। कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ने और इससे ज्यादा सीटें जीतने में सक्षम है। हम उन्हें दिखा देंगे। हमें ये दो सीटें रखने के लिए ममता की दया नहीं चाहिए। 2019 लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने राज्य की 22 सीटें जीती थीं

पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 42 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने 43 प्रतिशत वोटों के साथ 22 सीटें जीती थीं। 2014 के चुनाव के मुकाबले पार्टी ने 12 सीटें गंवाई थीं। वहीं, भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी रही। भाजपा ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2014 के चुनाव के मुकाबले भाजपा को 16 सीटों की बढ़त मिली थी। कांग्रेस सिर्फ दो ही सीटें जीत पाई थी।

## बंगाल में किसी को कांग्रेस की जरूरत नहीं,अधीर रंजन के बयान पर टीएमसी का पलटवार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव के लिए 28 दलों के इंडिया गठबंधन में तकरार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे पर तनातनी लगातार जारी है। अलग-अलग राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन के नेता एक दूसरे पर हमलावर है। इस सबके बीच पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस आमने-सामने हैं। आज कांग्रेस के बड़े नेता और पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना सा धा। अब इसी को लेकर तृणमूल कांग्रेस की ओर से पलटवार किया गया है। तृणमूल कांग्रेस ने साफ तौर पर कह दिया है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की किसी को जरूरत नहीं है। बंगाल में लेफ्ट से गठबंधन के बाद भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को शून्य सीट मिली थी। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनावों में, टीएमसी अकेले लड़ी और सत्ता में आई, जबकि कांग्रेस ने वामपंथियों के साथ गठबंधन किया।

# 15 भूखण्ड मालिकों को उनका हक मिला, परिषद की आय भी बढ़ेगी

## नगरपरिषद की विशेष बोर्ड बैठक

**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** नगरपरिषद फलोदी की विशेष बोर्ड बैठक में उपस्थित सभी सत्तापक्ष ओर विपक्ष के पार्षदों की सामूहिक सहमति के बाद नीलामी में बेचे गए 15 भूखंडों की बकाया राशि नियमानुसार ब्याज ओर पेनल्टी के साथ जमा करवाकर भूखण्ड बोलीदाता के नाम करवाने का मार्ग प्रसस्त हुआ। नगरपरिषद फलोदी की विशेष बोर्ड बैठक सभापति पन्नालाल व्यास की अध्यक्षता में आयोजित हुई, बैठक सिर्फ एक एजेंड पर ही होनी थी की शहर के मोहन छंगानी नगर और बापूनगर साउथ ब्लॉक में नगरपरिषद द्वारा नीलामी में बेचे गए 15 ऐसे भूखण्ड जिसकी पूर्ण राशि मेसे बकाया राशि कैसे वसूली जाए।

जिस पर आयुक्त जगमोहन हर्ष द्वारा बताया गया कि उक्त भूखंडों में बकाया राशि मेसे काफी राशि बोलीदाता जमा करवा चुके है अब पिछे कुछ राशि ही बकाया है तथा नगरपालिका अधिनियम के तहत विशेष बैठक भी कि जा सकती है । उहोंने बताया कि 22 दिसम्बर 2023 को हुई बैठक में उक्त एजेंडे को पार्षदों द्वारा पूर्ण तरिके से समझे बिना ही खारिज किया था इस वजह ये विशेष बैठक की जा रही है ताकि उचित निर्णय लिया जा सके।

इस पर सभा मे आये सत्तापक्ष और विपक्ष के उपस्थित सभी पार्षदों ने उक्त एजेंडे को पास करने में अपनी सहमति दी और कहा कि इन सभी भूखंडों की नीलामी में बकाया राशि पर नियमानुसार ब्याज ओर पेनल्टी जो लगती हो उस राशि के साथ बकाया राशि की वसूली करके बोलीदाताओं को भूखण्ड दे दिए जाए।

**ये रहे उपस्थित** – बैठक में सत्ता पक्ष के सभापति पन्नालाल व्यास, उपसभापति सलीम नागौरी, पार्षद विक्रम बोहरा, छोटूलाल, ओमप्रकाश सोनी, दीनदयाल जोशी, मुकेश माली, अरुण मेघवाल, प्रदीप भार्गव, कैलाश सुथार, लीलाधर कन्नौजिया, गोपालसिंह, धीरज व्यास , मुकेश मालावत, उर्मिला व्यास, रेखा थानवी, उमा थानवी, रेखा व्यास, रोमी देवी, विस्मिला, हिना माली, विस्मिला, रेहाना, अनामिका, निकिता जैन तथा विपक्ष के नरेन्द्रसिंह शेखावत, चतुर्भुज सोनी, मुकेश प्रजापत, यशपाल, गरिमा जोशी मंजू देवी उपस्थित रहे। इसके अलावा आयुक्त जग मोहन हर्ष, कार्यालय सहायक सुरेश व्यास, लेखाकर राधेश्याम त्रिपाठी, विधिक सलाहकार भवानीशंकर चाण्डा, मनोज गुचिया, देवाशीष दवे आदि कार्मिक उपस्थित रहे।



**ये पार्षद नही आये**– नगरपरिषद की विशेष बोर्ड बैठक में पार्षद पनालाल व्यास ( लधुभा), कांता व्यास, सत्यनारायण गुचिया, अशोक व्यास,आबिद खिलजी तथा नेता प्रतिपक्ष रमेश थानवी, मुरलीमनोहर गुचिया, मनीषा सोनी छंगानी, सुवा देवी माली नहीं आये।

**सभापति ने दिया धन्यवाद**– नगरपरिषद सभापति पन्नालाल व्यास ने बैठक में आये सभी पार्षदों द्वारा पूर्ण सहमति से इस एजेंडे को पारित करवाने पर सभी पार्षदों को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे भूखण्ड मालिको को उनका हक मिलेगा तथा नगरपरिषद की आय से शहर का विकास होगा।

# अतिक्रमियों ने सरकारी के साथ निजी भूमि को भी बनाया निशाना

## कार्यवाही नही हुई तो हो सकता है बड़ा हादसा

**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** नगरपरिषद क्षेत्र में भूमाफियाओं का आतंक, सरकारी जमीनों के बाद अब लोगों की पट्टासुद ओर न्यायालय में विचाराधीन मामलों की जमीन पर भी अतिक्रमण करने लगे। सर्दी की ठंडी रातों में जेसीबी के द्वारा मौके पर बने कच्चे पक्के मकनों को ध्वस्त करके नए कब्जे किये जा रहे है। नगरपरिषद क्षेत्र में पिछले काफी समय से अतिक्रमण की बाढ़ सी आई हुई है, शहर के खसरा नम्बर 188 में पिछले काफी दिनों से कुछ भूमाफिया लोग दिन रात अतिक्रमण करने में लगे हुए है लेकिन स्थानीय नगरपरिषद प्रशासन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करवा रहा है। इस वजह से अतिक्रमणकारियो के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि वे अब सरकारी भूमि के बाद लोगों की पट्टासुद जमीन और मकानों पर भी कब्जे करने लगे है। यहाँ पर अतिक्रमियों द्वारा पट्टासुद ओर न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर भी बने हुए कच्चे ओर पक्के मकान तोड़कर अतिक्रमण कर दिए है। झुंड में इक्कठे रहकर करते है कब्जे– उस क्षेत्र के लोगों ने बताया कि पिछले काफी दिनों से यहां पर अतिक्रमण हो रहे है, ये लोग बड़ी संख्या में एकसाथ आते है और पूर्व में रह रहे लोगों के मकान ओर आस पास खाली पड़ी भूमि पर जेसीबी के माध्यम से टिड फोड़ करके जमीनों पर कब्जा कर रहे है।

जब ऐसे लोगों का मौके पर बैठे लोग विरोध करते है तो वे मारपीट और झगड़े पर आ जाते है। कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा– शहर में काफी स्थानों पर जिसमे ज्यादातर जमीन तो सरकारी ही है, लेकिन कुछ जगह पर पहले से पट्टाधारी ओर कब्जाधारी लोग बैठे है, लेकिन जब ज्यादा संख्या में एक साथ नए लोग आकर कब्जा करने लगते है तो पहले से बैठे लोग इनका विरोध करते है ऐसे में काफी बार मामला बिगड़ जाता है और मारपीट हो जातिभे फिर पुलिस तक मामला पहुंच जाता है। लेकिन समय रहते ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा भी होने में देर नहीं लगेगी।



**पहले भी चल चुकी है गोलियां**– खसरा नम्बर 188 मलार रोड की भूमि पर पूर्व में करीब दो साल पहले देर रात दो अतिक्रमी गुटों में हुई मारपीट के बाद हवाई फायर जैसी घटनाएं भी हो चुकी है।

## जिला अस्पताल का राज्य मंत्री देवासी ने निरीक्षण कर जतई नाराजगी

**सिरोही ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने जिला अस्पताल सिरोही का आस्मिक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओ पर नाराजगी जताई। सीएमएचओ राजेश कुमार पीएमओ वीरेंद्र महात्मा को निर्देश दिए की 10 दिन के अंदर अस्पताल की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी। 10 दिनों में व्यवथाओ को सुधारने का अल्टीमेटम दिया और वापस जल्द निरीक्षण का बोला।अस्पताल के बाथरूम व टॉयलेट टूटे हुए व गंदगी देख कर गुस्सा हुए ओर पीएमओ को कहा कि कितने दिनों में व्यवस्था दुरुस्त होगी। जिस पर पीएमओ ने कहा कि कार्य चालू करवा दिया है सब जल्द ठीक हो जाएगे। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने अस्पताल में मरीजों से उनके कुशलक्षेम पुछा व अस्पताल से मिल रही दवाइयों व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मंत्री देवासी ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार में जिला अस्पताल का क्या हाल बनाकर रखा है बड़े बड़े विकास के दावे सब खोखले थे। उन्होंने कहा कि ये अब सब नही चलेगा जल्द सुधार की बात भी कही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि राज्य मंत्री देवासी ने जनाना अस्पताल का भी निरीक्षण करके माकुल व्यवस्थाओ के लिए बोला। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कोठारी जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित प्रधान हंसमुख मेघवाल जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी ताराराम माली जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री नगर अध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल कुपाराम देवासी संभाग मीडिया प्रभारी चिराग रावल महिपाल चारण जबरसिंह चौहान बाबू सिंह गोविंद माली मणि देवी महेंद्र माली कुलदीप सिंह गोविंद सैनी विकास रावल जितेंद्र खत्री कपूर पटेल सुनील गुप्ता गौरव काशीवा लोकेश देवासी ओर कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम के पिले अक्षत बाँट दिया निमंत्रण

**बालोतरा ( हुक्मनामा समाचार )।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर का 22 जनवरी क़ो निर्माण पूर्ण होने जा रहा है जिसको लेकर गाँव गाँव पिले चावल बांटकर प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र दवे ने बताया कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का कार्य पूर्ण होने के अवसर पर 22 जनवरी क़ो होने वाले प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में कनाना मठ श्री परशुराम गिरी व महंत योगी नोहर भादरा के पावन सानिध्य में राष्ट्रीय संवय सेवक संघ की टोलियो द्वारा कनाना ग्राम में पिले चावल बांटकर प्रतिष्ठा महोत्सव में ग्रामीणो क़ो आमंत्रण दिया गया है। महंत परशुराम गिरी ने कहा कि हमारे जीवन का ये अविस्मरणीय पल है जो हम सभी इस निर्माण कार्य के साक्षात् साक्ष्य बन रहे है। भगवान राम सनातन धर्म के सबसे अग्रणी आराध्य देव है हम सौभाग्य शाली है कि इस गौरवशाली पल क़ो हम देख रहे है। इस अवसर पर स्वयंसेवक संघ के रामनाथ अवदूत जी महाराज, सेवा भारती राजस्थान के सरक्षक पूर्व प्रचारक रास्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं कनाना उत्तम शर्मा, जयराम दास,भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री चेनाराम माली,किशन ,मोहन सिंह राजगुरु, रणसोड राम मेघवाल, राजेंद्र विश्नोई,हमीर राम देवासी, कुलदीप वैष्णव, चिरायु दवे दिलीप राजगुरु एवं गाँव के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



# जोधपुर जिले में खजूर की खेतीं को प्राथमिकता देने लगे है अब किसान

## किसान खेतीं में अपना रहे है नवाचार

**भोपालगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** पश्चिमी राजस्थान में फसलों के साथ– साथ मशाला की खेतीं में विशेषकर जीरा की खेतीं को प्रमुखता से कर रहे है किसान ।कृषि–उद्यानिकी योजना में बागवानी खेतीं में नीबूं,बेर,अनार की खेंती को अपना रहे है किसान ।अब मरूस्थल में नवाचार खेतीं में खजुर की खेतीं में विस्तार देखने को मिल रहा है ।खजूर शुष्क जलवायु में उगने वाला प्राचीनतम फलदार वृक्ष है ।राजस्थान में खजूर की खेती को लेकर किसानों में बढने लगा है रुझान क्योंकि कुछ मेहनत से कई वर्षो तक खेतीं आय का लाभ मिलता है। कम सिचांई जल के साथ साथ सामान्यत:तापमान में पौधौं में फल का अच्छा विकास होता है। ठीक इसी प्रकार ग्राम रतकुड़िया के प्रगतिशील किसान रामनारायण डूडी ने खजूर की खेती की शुरुआत की है जो इस क्षेत्र के आसपास किसानों को एक नवाचार खजुर खेतीं का विस्तार देखने को मिलेगा।



रतकुड़ीया के प्रगतिशील किसान रामनारायण डूडी ने बताया कि मैंने सोचा क्यों नही परंपरागत खेती के साथ–साथ नवाचार खेतीं में खजूर की खेती को प्राथमिकता देनी चाहिये ।क्षेत्र के किसान बागवानी खेतीं में नींबू,बेर,अनार की बागवानी को बखूबी से अपना रहे हैं और खेतीं आय का लाभ भी ले रहे है तो मैने भी अभी एक हेक्टर में खजूर की खेती की शुरुआत की है ।टिश्यु कल्चर के पौधौं को स्थापित किया था ।साथ ही बूंद बूंद सिचांई पद्धति को अपनाया है ताकी सीमित सिचांई जल से खजुर के पौधें पनप सके और खेतीं में जल का कुशलतम उपयोग हो ।खेतीं में का सबसे महत्वपूर्ण आदान है सिचांई का जल ।कृषि–उद्यानिकी विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार खेतीं में उन्नत तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। डूडी ने कहा कि भूमिगत जल काफी गहराई में जाना उसमें गुणवत्ता विकार आना इत्यादि इसे देखते हुए बागवा नी खेंती की आज आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि खेतीं में वर्तमान में उपलब्ध सिचांई जल से बागवानी खेती पनप जाये ।फसलों के साथ–साथ बागवानी खेती भी खेती आय का एक अहमं स्रोत हो सकता है ।खेत की मिट्टी और सिचांई के पानी की जांच करवा कर इसके अनुरूप नवाचार खेती खजूर खेतीं को प्राथमिकता दी है ।मैंने एक हेक्टर में खजूर के 156 पौधों में 148मादा व 08 नर जिसमें विभिन्न प्रकार की किस्म के पौधे है जो खेत में स्थापित है।

पौधै अच्छी अवस्था में है और ठीक पनप रहे है ।कतार से कतार व पौधे से पौधे की दुरी के बीच रिक्त भूमि में जीरा फसल की खेतीं अन्तराशस्य के रूप में खेतीं की है ।समय–समय पर पौधों का स्वयं निरीक्षण कर उसमें कृषि उद्यानिकी शस्य क्रियाओं को अपनाता हूं ।पौधे अच्छे पनपने पर आने वाले कुछ वर्षों में खेतीं आय के लाभ होने की उम्मीद है। मेरा मानना है खजूर की खेती भी खेतीं का एक आय का अच्छा स्रोत हो सकता है ।किसान फसलों के साथ– साथ खेती में नवाचार में बागवानी खेती को प्राथमिकता देंगे तो आने वाले समय में खेती आय का लाभ होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक खेती की भी आज की आवश्यकता है उत्पादन की मूल गुणवत्ता बनायें रखने के लिए कम से कम रासायनिक कीटनाशक दवाओं का प्रयोग हो जैविक अवयवों को प्राथमिकता देता हूं ।मरुस्थली भूमि के लिए खजूर की खेती करना एक अच्छा प्रयास है ।खेतीं में नवाचार को महत्व देकर खेतीं आय का वांच्छित लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

महाप्रबंधक अतुल राजस्थान डेट पाम लिमिटेड जोधपुर के बृजेश कुमार माहेश्वरी ने सहित अधिकारियों ने बगीचा में खजुर के पौधों का निरीक्षण कर पौधसंरक्षण एवं पौषक तत्व प्रबंधन की विस्तार से जानकारी साझा की ।इस मौके पर सहायक कृषि अधिकारी रफीक अहमद कुरैशी,किसान सोहनलाल डुडी सहित आसपास किसान उपस्थित थे।

## एक नजर

### सोजत के गागुड़ा ग्राम का मुख्यमंत्री का दौरा हुआ रद्द भारी तादाद में पहुंचे क्षेत्र के लोग



**सोजत ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोजत के ग्राम गागुड़ा का दौरा रद्द हो गया। मुख्यमंत्री गुरुवार को दोपहर बारह बजे सोजत के गागोड़ा ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प का अवलोकन करने वाले थे। सूत्रों के अनुसार खराब मौसम के चलते यह दौरा रद्द हो गया ।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर से हवाई मार्ग से प्रस्थान कर गागुड़ा सोजत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प के अवलोकन करने का कार्यक्रम था। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की तादाद में लोग उमड़े। वहीं भारी तादाद में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। मुख्यमंत्री शर्मा के सोजत के पास स्थित गागुड़ा ग्राम में दौरे को लेकर गांव के बाहर अस्थाई हेलीपैड का निर्माण कराया गया था। जिनके स्वागत के लिए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, सोजत विधायक शोभा चौहान, बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे, पूर्व विधायक संजना आगरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हेलीपैड पर पहुंचे थे। जहां सभा होनी थी उसको सांसद पीपी चौधरी, पूर्व सांसद पुष्प जैन, विधायक केसाराम चौधरी, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, जिला प्रमुख रश्मि कंवर, भाजपा जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार ने संबोधित किया। वही महेंद्र कुमावत महेंद्र बोहरा लक्ष्मी नार सुनील भण्डारी धोबली देवी देवाराम देवासी लक्ष्मी बारूपाल विकास टाक, मोहन जाट पंकज त्रिवेदी भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित समाजसेवी अनोप सिंह लखावत पेंशनर समाज के अध्यक्ष लालचंद मोयल पुष्पतराज मुनोत देवीलाल सांखला रामस्वरूप भटनागर पूर्व खेल अधिकारी सत्तूसिंह भाटी फौजी अशोक सेन शंकर लाल पारीक महेंद्र माथुर प्रकाश सोनी नवीन गुप्ता अशोक माली राजेंद्र शर्मा गोरधन गहलोत श्याम लाल व्यासआदि कई गणमान्य जन उपस्थित थे ।

### ग्रामीणों की मांग पर पोयना में चलाया सफाई अभियान

**ग्राम पंचायत व सरपंच का ग्रामीणों ने जताया आभार**

**सुमेरपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बामनेरा के अधीनस्थ गांव पोयना में गुरुवार को सफाई अभियान चलाया गया। ग्रामीणों की मांग पर सरपंच रमणीक त्रिवेदी के सानिध्य में ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीन द्वारा लंबे समय के बाद सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान हनुमान चौक से लेकर पेचका के आसपास झाड़ियां की कटाई के साथ गंदगी को हटाया गया,उसके अलावा अन्य जगहों पर सफाई की गई। दरअसल अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर गांव में 36 कॉम द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया और उस दरमियां ग्रामीणों ने पूरे गांव में सफाई करने हेतु सरपंच ग्राम पंचायत के नाम ज्ञापन देने का निर्णय लिया था। गांव में सफाई अभियान चलाने हेतु हस्ताक्षर के लिए गांव में ज्ञापन घूम रहा था। ज्ञापन से पहले ही ग्राम पंचायत ने सतर्कता दिखाई व ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए सरपंच रमणीक त्रिवेदी ने तत्काल प्रभाव से गांव में जेसीबी मशीन से सफाई कराई गई। इस पर सभी ग्राम वासियों ने सरपंच त्रिवेदी, पुखराज कुमावत मीडिया प्रभारी, वार्डपंच गण के साथ ग्राम पंचायत प्रशासन का आभार जताया। इस मौके पर वार्डपंच शंकरलाल मेघवाल,वार्ड पंच प्रतिनिधि भगाराम, कपूराराम, मंछाराम, नारायण भारती, बाबूलाल, गणेशाराम,रणछोड़ भारती, मोहनलाल मेघवाल आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिले की 8 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर,अब तक 111 शिविर आयोजित

**विकसित भारत संकल्प यात्रा***




**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जन–जन तक पहुंच रही हैं। आमजन को योजनाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एलईडी वैन एवं शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। **यहां आयोजित हुए शिविर**– जिला नोडल एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल सिंह बोचल्या ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पंचायत समिति बाप की चारणाई व देगावड़ी, लोहावट की जागुबानो की ढाणी, देचू की धाराबागा पुराणा, चोरड़िया व खेतसागर और बापिणी की बापिणी खुर्द व बापिणी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 111 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें भारत को विकसित बनाने का लिया संकल्प गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में आमजन व स्वागत समिति द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार रथ का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया, इस अवसर पर आमजन ने विकसित भारत बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। योजनाओं से संबंधी प्रचार सामग्री, ब्रोशर, पैम्पलेट वितरित कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

### अयोध्या से आए पूजित अक्षत का किया भव्य स्वागत

**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के संजय नगर बस्ती में रामभक्तों को निमंत्रण हेतु अयोध्याधाम से आए पूजित अक्षत कलश का राइकाबाग स्थित श्री हनुमान मंदिर से संजय नगर स्थित आई माता मंदिर तक धर्मध्वजा के साथ गाजे बाजे, कलश यात्रा, फाटकों, माता, बहनों, बस्ती निवासियों के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विश्व हिंदु परिषद के लीलाधर भार्गव ने राममंदिर की पूर्व घटनाओं पर प्रकाश डाला व बस्ती पालक करण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीरामजी अपने घर पर निवास करने जा रहे है।

# कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने किए देव दर्शन

## संतों से लिया आशीर्वाद, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश भंडारी से की मुलाकात





हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार जोधपुर आए लूणी विधायक जोगाराम पटेल ने आज अपने प्रवास के दूसरे दिन देव दर्शन किए। उन्होंने पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश में अमन-चैन, शांति और सद्भाव की कामना की। उन्होंने विभिन्न आश्रमों में जाकर संतों से आशीर्वाद लिया और अंतराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश दलबीर सिंह भंडारी से भी मुलाकात की। इस दौरान सभी स्थानों पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल का स्वागत किया गया।



कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल एक दिन पहले ही जयपुर से जोधपुर आए थे। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद वे पहली बार जोधपुर आए है इसलिए उनका दो दिन से स्वागत अभिनंदन जारी है। जोधपुर प्रवास के दूसरे दिन आज सुबह वे रातानाडा स्थित गणेश मंदिर पहुंचे और भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। इस दौरान पुजारी परिवार की ओर से उनका साफा बांधकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। उन्होंने मंदिर के विकास कार्यो के बारे में भी चर्चा की। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने राइका बाग स्थित जुगल जोड़ी मंदिर पहुंचकर सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि महाराज से आशीर्वाद लिया। साथ ही बाबा रामदेव व रानी भैत्तल की पूजा अर्चना कर व अखंड धूणी में आहुतियां देकर राजस्थान में सुख समृद्धि की कामना की। पटेल ने कहा कि बाबा रामसा पीर व सैनाचार्य के आशीर्वाद से ही वे आज इस मुकाम पर पहुंचे है। इससे पूर्व भक्ति पीठ की ओर से रघुवीर सिंह भदावत, मदन सोलीवाल व श्याम बाबू ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री पटेल ने बड़ा रामद्वारा सूरसागर और श्री राजाराम आश्रम शिकारपुरा लूणी में भी पहुंचकर संतों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्री हिंगलाज माता मंदिर सालावास में भी दर्शन किए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश दलबीर सिंह भंडारी से भी मुलाकात की। इस दौरान शहर विधायक अतुल भंसाली भी साथ रहे।

# जोधपुर शहर में नौ जनवरी को नहीं होगी जलापूर्ति

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** ग्रीष्मकाल में प्रस्तावित इंदिरा गांधी नहर बंदी के दौरान जल भण्डारण तथा फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाइप लाइनों के अति आवश्यक रख रखाव व सफाई के लिए नौ जनवरी को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति बन्द रहेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत के अधीक्षण अभियंता जगदीश चन्द्र व्यास ने बताया कि जोधपुर शहर के कायलाना, चौपासनी व सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबन्धित सभी क्षेत्रों में 9 जनवरी को होने वाली जलापूर्ति 10 जनवरी को तथा 10 जनवरी को होने वाली जलापूर्ति 11 जनवरी को की जाएगी। उन्होंने बताया कि झालामण्ड एव तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुड़े क्षेत्र सरस्वती नगर एवं कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों एवं पाल बाईपास, शिल्पग्राम के आसपास क्षेत्रों में 9 जनवरी को सुबह 10 बजे तक की जाने वाली जलापूर्ति सामान्य रुप से होगी।

# गुलाब सागर में मछलियों को आटा चुग्गाते अधेड़ की डूबने से मौत

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** गुलाब सागर में मछलियों को आटा चुग्गाते समय पैर फिसलने से एक अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। मृतक के भाई ने इस बारे में मर्ग की रिपोर्ट दी है।

सदर कोतवाली थाने में दी रिपोर्ट में मेघवालों का बास तीसरी पोल के अन्दर महामंदिर निवासी राजेश मेघवाल ने पुलिस को बताया कि दो जनवरी की शाम के समय उसका भाई भाई भागीरथ लाबासागर में मछलियों को आटा चुगाने के लिए गया। पैर फिसलने से वह गहरे पानी में जा गिरा जिसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की और फिर परिजनों को सौंप दिया।

## समाचार-सार

# तीन जोड़ी रेलसेवाओं के स्टेशनों पर अस्थाई ठहराव की अवधि में विस्तार

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु इंदौर-जोधपुर-इंदौर रेलसेवा का दारा स्टेशन पर, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा का चौमहला स्टेशन पर, पुरी-जोधपुर-पुरी रेलसेवा का विक्रमगढ आलोट स्टेशन पर ठहराव की



अवधि में विस्तार किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार निम्न रेलसेवाओं के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठहराव की अवधि में विस्तार किया जा रहा है। गाडी संख्या 12465/12466, इंदौर-जोधपुर-इंदौर दिनांक 30.07.24 तक दारा स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 20845/20846, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर दिनांक 02.08.24 तक चौमहला स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 20813/20814, पुरी-जोधपुर-पुरी दिनांक 24.08.24 तक विक्रमगढ आलोट स्टेशन पर ठहराव करेगी।

# पति के दोस्त पर दुष्कर्म प्रयास का आरोप

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** एक महिला ने पति के दोस्त के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म प्रयास का मुकदमा बोरानाड़ा थाने में दर्ज कराया। बोरानाड़ा थाने में दी रिपोर्ट में पालरोड़ पर एक आवासीय कॉलोनी में रहने वाली महिला ने बताया कि तीन जनवरी को उसके पति का एक दोस्त घर पर आया। परिचित होने के कारण उसको घर के अन्दर बुला दिया, लेकिन आरोपी ने उसके अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी मौके से चला गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म प्रयास का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामले की जांच थानाधिकारी देवीचंद ढाका स्वयमं कर रहे है।

# दो अज्ञात व्यक्तियों के शव मिले

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नई सड़क और बारहवी रोड़ के व्यस्त इलाके में दो अज्ञात व्यक्तियों के शव मिले। देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में थाने के एसआई चमनाराम ने बताया कि तीन जनवरी को 12वीं रोड़ बरकतुल्ला खां स्टेडियम के पास एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सदर बाजार थाने में दी रिपोर्ट में मच्छी मार्केट नई सड़क निवासी अहमद हुसैन ने पुलिस को बताया कि टैक्सी स्टेण्ड मच्छी मार्केट के पास 3 जनवरी की सुबह के समय एक अज्ञात भिखारी का शव पड़ा मिला।

# जयनारायण व्यास की स्मृति में व्याख्यानमाला आज

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान की ओर से शुक्रवार को शेरे राजस्थान जयनारायण व्यास की स्मृति में नवमी व्याख्यानमाला होगी।

संस्थान के अध्यक्ष प्रो. एसपी व्यास ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता एमबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय शर्मा करेंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में गांधीवादी विचारक प्रो. नंदकिशोर आचार्य होंगे। संस्थान के सचिव कृष्णकांत व्यास ने बताया कि इससे पूर्व में भी प्रो. कृष्ण मेनन, प्रो. यशपाल, प्रो. एसडी मुनि, प्रो. पीसी व्यास, प्रो. विजय शंकर व्यास इस व्याख्यानमाला में अपना संबोधन दे चुके हैं।

# घर में घुसकर दंपती से मारपीट कर चेन छीनी

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** घर में घुसकर दंपती के साथ मारपीट कर सोने की चेन छीनने और घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर डरा कर कीमती सामान चुरा ले जाने के एक और दो क्रॉस अलग अलग मुकदमे बनाड़ थाने में दर्ज कराए गए। बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में जगमोहन नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि 27 दिसंबर की दोपहर के वक्त इसी क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों ने उसके घर में घुसकर उसके और उसकी पत्नी के साथ रास्ता रोककर मारपीट की और उसके साथ दुर्व्यवहार कर डरा धमका कर सोने की चेन छीन ले गए। बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में मूलतया लाणावास हाल बालाजी नगर खोखरिया निवासी महेन्द्र कुमार जाट ने पुलिस को बताया कि 30 दिसंबर की रात्रि के समय 10 से 11 बजे के बीच में रामकिशोर वगैरा ने एकराय होकर उसको भय में डालने और नुकसान पहुंचाने की नियत से उसके मकान के दरवाजे को स्कार्पियों से टक्कर मारकर अन्दर घुसे और वहां पर रखा कीमती सामान चुरा ले गए। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से दी रिपोर्ट में टैम्पो स्टेण्ड के पास नांदड़ी निवासी किरण पत्नी रामकिशोर जाट ने पुलिस को बताया कि 30 दिसंबर और 1 जनवरी के बीच में महेन्द्र फिड़ौदा और उसके साथियों ने एकराय होकर उसके मकान में रखा कीमती सामान चुरा ले गए और विरोध करने पर उसके जान से मारने की धमकिया दी।

# मंदिर में सेंधमारी, चांदी के छत्र और त्रिशुल चोरी

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मंदिर में सेंधमारी करके चांदी के छत्तर और त्रिशूल चोरी का मुकदमा पुजारी ने मंडोर थाने में दर्ज कराया। मंडोर थाने में दी रिपोर्ट में मंगलेश्वर महामदिर मंदिर नौ मील के पुजारी सुखाराम ने पुलिस को बताया कि 2 जनवरी को अज्ञात नकबजनों ने मंदिर में घुसकर वहां पर लगी मूर्तियों के छत्तर और त्रिशूल तथा अन्य सामान चुरा ले गए।

# हाड़ कंपाने वाली सर्दी, वातावरण में कोहरा छाया

## शीतलहर से आम जनजीवन हुआ प्रभावित

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** पश्चिमी राजस्थान में हाड़ कंपाने वाली सर्दी का दौर जारी है। अधिकांश जिले सर्दी की मार झेल रहे हैं। कड़ाके की सर्दी के साथ छाए कोहरे से आमजन पस्त है। वहीं शीतलहर के कारण रात के तापमान में गिरावट के चलते मारवाड़ में धूजणी छूट रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन और कड़ाके की सर्दी की चेतावनी दी है। उसके बाद उत्तर पूर्व और पश्चिम के कुछ इलाकों में बादलों की आवाजाही शुरू होने और मावठ होने की भी आशंका है।

जोधपुर शहर में आज सुबह सूर्योदय के बाद तक कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते शहर की सड़कों पर ट्रैफिक भी धीमे चलता नजर आया। शहर में हाड़ कंपाने वाली सर्दी और कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव और हीटर का सहारा ले रहे हैं। वही प्रदेश के एकमात्र



हिल स्टेशन माउंट आबू का तापमान एक बार फिर जमाव बिंदु पर पहुंच गया। यहां पेड़-पौधों और घरों के बाहर खड़ी गाडियों पर ओस की बूंदें जम गईं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कोहरे का ये प्रभाव शुक्रवार को भी रहेगा। छह जनवरी से इससे राहत मिलनी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग ने 7 से 9 जनवरी तक मावठ होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिन प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर की आशंका है। दो दिन बाद उत्तर पूर्व और पश्चिमी इलाकों में बादलों की आवाजाही और कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की आशंका है।

# लाभार्थियो को विभिन्न योजनाओं से किया लाभान्वित

## आमजन में संकल्प यात्रा को लेकर दिखा उत्साह



हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर निगम उत्तर की ओर से गुरुवार को दो जगहों पर कैम्प का आयोजन किया गए। कैम्प में लगभग 3700 से अधिक लोगों ने शिरकत की और विभिन्न योजनाओं के संबंध में अपना रजिस्ट्रेशन करवाया, वहीं कैंप में ही लाभार्थियों को उज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश ने बताया कि नगर निगम उत्तर की ओर से गुरुवार को राजस्थान पर्यटन विभाग कार्यालय और उम्मेद गार्डन में कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों में काफी संख्या में लाभार्थी पहुंचे जहां लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया साथ ही अन्य लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिपक्ष नेता उत्तर लक्ष्मीनारायण सोलंकी ने उज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर और गैस का चूल्हा भेंट किया। उपायुक्त उत्तर ललित सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप के तहत लोगों का उत्साह नजर आ रहा है और प्रतिदिन दोनों कैंप में काफी संख्या में लोग विभिन्न योजनाओं के संबंध में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैंप में अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कैंप से पूर्व आसपास के क्षेत्र में अलग-अलग माध्यमों से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है और वार्ड प्रभारी के माध्यम से घर-घर पंपलेट भी बटवाए जा रहे हैं।

**शुक्रवार को इन स्थानों पर होंगे कैंप :** उपायुक्त उत्तर ललित सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नगर निगम उत्तर की ओर से घंटाघर और उम्मेद उद्यान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैंप लगाए जाएंगे।

# नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण एवं नेत्र जांच शिविर आज

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** दी संस्कृति फाउंडेशन, लॉयंस क्लब वेस्ट एवं जिला अन्धता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में बिहारी चंद कुंभट की स्मृति में आंखों का निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण एवं नेत्र जांच शिविर गुरुवार को सुबह दस से दोपहर एक बजे तक पंचायत समिति पाल स्थित गांव सरकारी स्कूल में लगेगा। फाउंडेशन की अनिता मेहता ने बताया कि शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. चंदन कल्ला, डॉ. एलसी सिंघवी, डॉ. गजेश भार्गव नेत्र परीक्षण करेंगे एवं चयनित रोगियों के ऑपरेशन शास्त्री नगर स्थित लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय में किए जाएंगे।

# जेएनवीयू में यूजी और पीजी के परीक्षा आवेदन शुरू

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के यूजी और पीजी प्रथम सेमेस्टर के रेगुलर स्टूडेंट के परीक्षा आवेदन शुरू हो गए है जिसमें बिना किसी लेट फीस के 12 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। देश में लागू हुई नई शिक्षा नीति के तहत यूजी और पीजी रेगुलर परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। विद्यार्थी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर 12 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 50 रुपए लेट फीस के साथ 19 जनवरी तक आवेदन ऑनलाइन भर पाएंगे। अंतिम तिथि के 3 दिन की अवधि में हार्ड कॉपी और अन्य डॉक्यूमेंट जमा करवाने होंगे। आवेदन में एबीसी आईडी और आधार नंबर का उल्लेख भी करना होगा। नई शिक्षा नीति के तहत यूजी और पीजी में इंटरनल मूल्यांकन परीक्षा या मिड टर्म और प्रेजेंटेशन में फेल होने वाले विद्यार्थी मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन नहीं भर पाएंगे। आंतरिक मूल्यांकन में फेल छात्रों के परीक्षा आवेदन संकाय या कॉलेज में ऑनलाइन सत्यापित नहीं किए जाने को लेकर निर्देश दिए गए हैं।

# मदद के नाम पर और प्रेम जाल में फंसाकर दो महिलाओं का यौन शोषण

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** एक महिला ने एक परिचित पर पति के खिलाफ दर्ज मुकदमे में मदद करने का झांसा देकर देहशोषण करने का मुकदमा नागौरी गेट थाने में दर्ज कराया। महिला ने आरोपी पर अश्लील वीडियो और फोटोग्राफ भी खींचकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया जबकि एक अन्य मामले में महिला ने अपने परिचित के खिलाफ दोस्ती करके होटल में बुलाकर देहशोषण करने और बाद में शादी का दबाव बनाने पर बदनाम करने का मुकदमा उदयमंदिर थाने में दर्ज कराया।

नागौरी गेट थाने में दी रिपोर्ट में शहर में रहने वाली एक महिला ने बताया कि गत वर्ष जून में उसके पति के खिलाफ किसी ने मुकदमा दर्ज करा दिया था। इसी मुकदमे में मददगार बनकर आए एक परिचित ने नागौरी गेट क्षेत्र स्थित मकान पर बुलाया और उसको मदद करने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी ने उसके कुछ अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए। आरोपी ने उसके वीडियो और फोटो को सार्वजनिक कर समाज में बदनाम करने की धमकी देकर उसका देह, मानसिक और आर्थिक शोषण करना शुरू कर दिया। आखिर पीड़िता पुलिस के समक्ष पेश हुई और आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी और आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामले की जांच थानाधिकारी दयाललाल कर रहे हैं।



इसी प्रकार उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में एक महिला ने बताया कि गत वर्ष उसकी दोस्ती अपने एक स्वजातीय युवक से सोशल मीडिया पर हुई। इसी दौरान आरोपी ने उसको दिसंबर में मिलने के बहाने बुलाया और रेलवे स्टेशन पर एक होटल में ठहराया। वहां पर आरोपी ने उसके साथ दोस्ती और प्रेमालाप करते हुए उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। इसी दौरान आरोपी ने अश्लील वीडियो और फोटोग्राफ बना दिए। जिसको लेकर बाद में आरोपी उसको शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करने लगा और उसके कहे अनुसार नहीं चलने पर समाज में बदनाम करने की धमकियां देने लगा। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी और आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच थानाधिकारी प्रेमदान स्वयं कर रहे है।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढ़ा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
**सिटी कार्यालय :** धर्मनारायणजी का हत्था, जोधपुर टॉवर्स, पावटा, जोधपुर। -जयपुर कार्यालय, जी-1, एफ ब्लोक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

# हुक्मनामा समाचार

जोधपुर, शुक्रवार 05 जनवरी, 2024



## सम्पादकीय

### मंत्रियों के विभाग बंटवारे में फंसा पेंच



राजस्थान में 30 दिसंबर 2023 को भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल का गठन हो गया है, लेकिन अब तक मंत्रियों को विभाग नहीं बांटे गए हैं। इसी बीच मंत्रियों ने वजनदार मंत्रालयों पाने के लिए जयपुर से लेकर दिल्ली तक दौड़ धूप करना शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी मंत्रिमंडल के गठन के 5-6 दिन बाद विभागों का बंटवारा हुआ था। ऐसे में राजस्थान में भी विभागों के बंटवारे में कुछ दिन का समय लगने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि विभागों के बंटवारे का एलान एक से दो दिन में होना संभव है। हालांकि इस पर करणपुर चुनाव की छाया साफ दिख रही है। यहां से सरकार ने भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मतदान से 6 दिन पहले मंत्री बनाकर चौंकाया था। चुनाव के कारण ही विभाग होल्ड पर हैं। यहां के परिणाम की विभाग बंटवारे में अहम भूमिका होगी। करणपुर में मतदान 5 और मतगणना 8 जनवरी को होगी। जानकारों का कहना है कि अगर अभी विभागों का बंटवारा किया जाता है, तो यह आचार संहिता का उल्लंघन हो सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि करणपुर सीट पर रिजल्ट घोषित होने के बाद ही मंत्रियों को विभाग का बंटवारा किया जा सकता है। राजस्थान सरकार में कुछ ऐसे विभाग हैं, जो सबसे अहम माने जाते हैं। इनमें गृह, नगरीय विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बिजली, जलदाय, खनिज, उद्योग, परिवहन, कृषि, सहकारिता और राजस्व विभाग शामिल हैं। इन विभागों को मलाईदार विभाग माना जाता है। मंत्रिमंडल में शामिल हर मंत्री चाहते हैं कि उन्हें बड़े विभाग मिलें ताकि करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट उनकी देखरेख में हों। बताया जा रहा है कि शपथ के बाद कई मंत्री दिल्ली तक इस लॉबिंग में जुट गए हैं। पसंदीदा विभाग लेने के लिए अलग-अलग संपर्क तलाशे जा रहे हैं। भजनलाल सरकार में दो डिप्टी सीएम को छोड़कर 12 कैबिनेट मंत्री बनाए हैं। कैबिनेट मंत्रियों को बड़े और महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी मिलनी लगभग तय है। इन मंत्रियों में प्रमुख रूप से डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह खींवसर, बाबूलाल खराड़ी, मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, हेमंत मीणा, कन्हैया लाल चौधरी और सुमित गोदारा का नाम शामिल है। दूसरी ओर स्वतंत्र प्रभार के राज्यमंत्री संजय शर्मा, गौतम कुमार दक, झाबर सिंह खर्रा, हीरालाल नागर के अलावा सुरेंद्रपाल सिंह टी.टी. का नाम शामिल है। स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री भी बड़ी जिम्मेदारी के लिए दौड़ में शामिल हैं। गृह विभाग के लिए दो वरिष्ठ मंत्री इस दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। एक ने तो कानून-व्यवस्था पर बयान देकर संकेत भी दिए हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से एक को गृह, तो दूसरे को चिकित्सा विभाग मिल सकता है। उधर, यूडीएच से लेकर पीडब्ल्यूडी का कॉम्बो बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए जयपुर से ही जुड़े बड़े चेहरे को मौका दिया जा सकता है।

वैभव लोढ़ा...

## आज का राशिफल

शुक्रवार 05 जनवरी 2023



**मेष राशि**
कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सान्निध्य प्राप्त होगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। सांयकाल के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है।



**वृषभ राशि**
आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। शुभ खर्च व कीर्ति की वृद्धि होगी। नये अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।



**मिथुन राशि**
राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांय काल में कोई रुका कार्य पूरा होगा।



**कर्क राशि**
आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है।



**सिंह राशि**
आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। रोग की अवस्था में भी आपका चलना-फिरना काफी ज्यादा हो गया है। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है।



**कन्या राशि**
रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। मूल्यवान वस्तु के चोरी होने की आशंका है। शुभ खर्च व कीर्ति की वृद्धि होगी।



**तुला राशि**
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।



**वृश्चिक राशि**
आपके अभी कुछ दिन परेशानियों में बीत सकते हैं लेकिन गणेश भगवान की पूजा-अर्चना आपको संकटों से निकाल सकती है। कुछ आन्तरिक विकार आपको परेशान कर सकते हैं।



**धनु राशि**
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है।



**मकर राशि**
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें।



**कुम्भ राशि**
आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें। रोग की अवस्था में भी आपका चलना-फिरना काफी ज्यादा हो गया है।



**मीन राशि**
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# खतरनाक है एंटीबायोटिक दवाओं का बेज़ा इस्तेमाल



बाल मुकुन्द ओझा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अध्ययन के अनुसार एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। यह अध्ययन 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 20 अस्पतालों में किया गया है। छह महीने में 9652 पात्र रोगियों पर सर्वेक्षण किया गया। अध्ययन में पता लगा कि इन अस्पतालों में 71.9 प्रतिशत रोगियों को डाक्टरों ने एंटीबायोटिक दवा लिखी। 20 में से चार संस्थानों ने 95 प्रतिशत से अधिक मरीजों को एंटीबायोटिक दवा लिखी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिसर्च के मुताबिक एंटीबायोटिक के ज्यादा इस्तेमाल से ×स़39;एंटी माइक्रो-बियल रेजिस्टेंस×स़39; का रिस्क बढ़ रहा है। जो वाकई में किसी महामारी से भी बड़ा खतरा है। एंटी माइक्रो-बियल रेजिस्टेंस×स़39; से दुनिया में हर साल 50 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यही हाल रहा तो साल 2050 तक मौत का आंकड़ा 1 करोड़ के पार चला जाएगा। आजकल एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल ज्यादा बढ़ रहा है। रोजाना की दौड़ती-भागती जिंदगी में लोग सरदर्द, पेटदर्द, सर्दी, खांसी या बुखार होने पर एंटीबायोटिक दवा ले लेते हैं। बहुत से लोग बिना किसी डॉक्टर की सलाह के भी इनका इस्तेमाल करने लगे हैं। यह सेहत के लिए नुकसानदायक है। एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध उपयोग किस प्रकार हमारे स्वास्थ्य को हानि पहुंचता है इसकी एक भयावह जानकारी हमारे सामने आयी है। एक रिसर्च में बताया गया है कि सबसे ज्यादा एजिथ्रोमाइसिन दवा का उपयोग किया गया। ये 500 एमजी की एक टैबलेट होती है. जो एंटीबायोटिक का काम करती है। देश में करीब 8 प्रतिशत लोगों ने इस दवा का सेवन किया था। एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एंटीबायोटिक का सेवन हर दशक में 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। असल में एंटीबायोटिक दवाइयां हमारे देश में लगभग हर मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली आम दवाओं में से एक हैं। हालाँकि यह दवा डॉक्टरी पर्चे पर दी जानी चाहिए मगर देखा गया है दुकानदार इसे बिना समुचित पर्ची के लोगों को दे देते है। हमारे देश में लोग मामूली बीमारियों के इलाज के लिए डॉक्टर के पास नहीं जाते। वे केमिस्ट से दवाई ले लेते हैं। कुछ लोग कई दवाओं के बारे में जानते हैं कि ये किस बीमारी को ठीक करती है और उसी हिसाब से दवाई ले लेते हैं। लेकिन उन्हें इन दवाइयों के साइड इफेक्ट के बारे में पता नहीं होता। बिना डॉक्टर की सलाह के ये दवाइयां जरूरत से ज्यादा लेने के बाद ये शरीर में रेसिस्टेंस यानी प्रतिरोध पैदा कर लेती हैं। इसके बाद इनका कोई असर नहीं होता। एक रिपोर्ट के अनुसार एंटीबायोटिक का सेवन करने के बाद शरीर को काफी नुकसान होता है। लगातार इस्तेमाल से टीबी जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसी के मद्देनजर अब दुनिया भर में एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल और सेवन के खिलाफ मुहिम छेड़ी गई है। डॉक्टर बताते हैं कि अधिक मात्रा या बिना वजह एंटीबायोटिक दवाओं को लेने से ये दवाएं शरीर के फायदेमंद बैक्टीरिया को भी खत्म कर देती हैं। इससे स्किन पर कई प्रकार के फंगल इंफेक्शन हो जाता है। कई मामलों में चेहरे पर एलर्जी और दाने निकलने की समस्या भी देखी जाती है। डब्लूएचओ के मुताबिक बिना जरूरत के एंटीबायोटिक दवा लेने से एंटीबायोटिक प्रतिरोध में वृद्धि होती है जो वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध संक्रमण से मरीज को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने, इलाज के लिए अधिक राशि और बीमारी गंभीर होने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## 130 वीं जयन्ती पर विशेष

# श्री परमहंसयोगानन्द- एक अत्यन्त प्रेरणा दायक आध्यात्मिक जीवन

मंजु लता गुप्ता

भरना चाहता हूँ मैं अपनी नाव में, पीछे छूटे पिपासुओं को, जो बैठे हैं इंतज़ार में, और उन्हें ले जाना बहुरंगे आनंद के पोखर पर जहाँ बाँटते हैं मेरे परमपिता, अपनी रसमयी शांति जो पूरी करे इच्छाएँ सब। जब मैंने पहली बार ईश्वर का केवट कविता पढ़ी तो मैं भाव विभोर हो गई। मन उत्सुक था, इसके रचयिता के विषय में जानने के लिए! अपनी इस जानकारी को पाठकों के साथ साझा करते हुए बताना चाहूँगी, वे हैं - श्री श्री परमहंस योगानन्द! वही जो योगी कथामृत,मन और आत्मा के द्वार खोल देने वाली कृति,जो विश्व में एक गौरव ग्रंथ के रूप में पूजी जाती है,के रचनाकार हैं। हृदय उद्वेलित हो उठा उनकी नाव में बैठने को। ईश्वर के विषय में जानने की उत्कंठा जगने लगी। ऐसा लग रहा था कि कोई स्नेहपूर्ण मधुर पुकार में बुला रहा है। अनंत मोतियों से भरी यह पुस्तक (योगी कथामृत)मिल भी गई थी। इस पुस्तक का जो एक पृष्ठ मेरे सामने खुला उस पर लिखा था - नित्य नवीन आनन्द ही ईश्वर है। वह अक्षय है; वर्षों पर वर्ष जैसे जैसे तुम ध्यान करते जाओगे, वैसे वैसे वह अनंत युक्तियों से तुम्हें मोहित करता ही रहेगा। तूम्हारे जैसे भक्त जिन्हें ईश्वर का मार्ग मिल जाता है स्वपन में भी कभी ईश्वर के स्थान पर दूसरे किसी सुख की प्राप्ति की कल्पना नहीं कर सकते। अनन्त युक्तियों में से अनेक युक्तियांघटने लगी। ऐसा लगा जैसे लेखक नें'तूम्हारे जैसे भक्त'मुझे ही कहा, जिसे ईश्वर का मार्ग मिल गया। अब आवश्यकता थी उस उपाय की कि ध्यान कैसे किया जाए को देखा तो बहुत कुछ जाना। योगानन्दजी की माता जब इस नन्हें शिशु मुकुन्द (जो बाद में योगानन्द कहलाए) को लेकर आशीर्वाद हेतु अपने गुरु के पास गई तो उन्होने कहा -छोटी माँ! तुम्हारा पुत्र एक योगी होगा। एक आध्यात्मिक इंजन



श्री श्री परमहंस योगानंद

बनकर वह अनेकों आत्माओं को ईश्वर के साम्राज्य में ले जाएगा। ईश्वर के साम्राज्य की ओर ले जाने वाले मार्ग की ओर कदम बढ़ने लगे। उसके बाद जाना,योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के बारे में,जहाँ पर क्रियायोग, जो ईश्वर तक पहुँचने के लिए विमान मार्ग बताया गया है, सिखाया जाता है। उसे सीखने के लिए गृह अध्ययन की सामग्री भी उपलब्ध है, यह जानकर तो मन बल्लियों उछलने लगा। योगी कथामृत में वर्णित,अपने गुरु की तलाश में अनेक संतों से योगानन्दजी की भेंट और अंततः गुरु से मिलन एक चलचित्र की भाँति दृश्य पटल पर चलता है, और उनके गुरु स्वामी श्रीयूक्तेश्वरजी के ये शब्द ङ्कजो लोग इस भू लोक में आत्म-साक्षात्कार प्राप्त कर लेते हैं....विवेक और निष्ठा के साथ जगत् में अपना कार्य करते हुए भी वे अपने आंतरिक परमानन्द में निमग्न रहते हैं। - कितने प्रेरणादायक हैं जो हमें जीवन में संतुलन सिखाते हैं। इसी संतुलन के साथ योगानन्दजी ने अपना जीवन जीया। योगदा सत्संग सोसाइटीऑफ इंडिया/सेल्फ़ रियलाईजेशन फ़ेलोशिप ऑफ अमेरिका के माध्यम से वे विश्वभर में ध्यान प्रविधियों एवं आदर्श-जीवन पर सत्संग लेते हुए वे सदा आंतरिक परमानन्द में निमग्नरहते। वे ईश्वर से अपनी वार्ता में कहते हैं-मैं चाहता हूँ आपका शाश्वत आनन्द, केवल दूसरों को इसमें सहभागी बनाने के लिए;ताकि मैं अपने सभी भाइयों को दिखा सकूँ, सुख का मार्ग आपमे सदा सदा के लिए। तो क्यूँ न हम भी उनके आग्रह से लाभान्वित होते हुए 5 जनवरी को उनकेशुभ आविर्भाव दिवस पर उनकी नौका में सवार हो आत्म-मुक्ति के तट पर पहुँचने का दृढ़ निश्चय करें।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## क्रॉस फायर

❑पीएम मोदी बोले नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी।
◆ नारी शक्ति ही सत्ता में बने रहने की गारंटी बन गई है।

❑पीएम मोदी का जयपुर दौरा कल, विधायकों और प्रदेश पदाधिकारी से करेंगे संवाद।
◆पांच मंत्री अभी बनने बाकी है और अध्यक्ष की तो लंबी लिस्ट है।

❑ई डी के समक्ष फिर पेश नहीं हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।
◆लगता है अंदर जाकर ही मानेंगे।

❑सीबीआई के पास नहीं जाएगा हिडेनबर्ग और अडानी का विवाद।
◆फिर तो अदानी जी की बल्ले बल्ले।

❑मुख्यमंत्री भजनलाल बोले सरकार आपकी है उम्मीद पर खरा उतरेगी।
◆जब सरकार अपनी है तो उम्मीद है ज्यादा पालनी भी नहीं चाहिए।

❑बिहार। के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बन सकते हैं इंडिया गठबंधन के संयोजक।
◆ताकि उनका मन भी राजी रहे।

❑एनआईए की राजस्थान हरियाणा में 31 जगह छापेमारी, गोला बारूद का जखीरा मिला।
◆गैंगवार को जमीन से खत्म करना इसीलिए जरूरी है।

❑ई डी द्वारा बार-बार बुलाने के बावजूद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा नहीं देंगे।
◆एक बार इस्तीफा दे दिया तो दोबारा बनाएगा कौन।

..............अंजू लोढ़ा

## कहै पवन धर कान

लादो लारै पड़ गयो, धंवरां रही धपाय।
तिड़की थोड़ी देर नैं, थाक परी लुक ज्याय।
थाक परी लुक ज्याय, धनिक भळ दारिद धोकै।
थर थर धूजै डील, चावड़्यां धाऊ झोकै।
कहै पवन धर कान, दड़ी बण सोवै दादो।
मारो किती मसौड़, लार नीं छोडै लादो।।



पवन पहाड़िया
डेह नागौर
मो.नं. 9414864009

## भावुक-वाणी

दारू दूसण छै बडो, मत पीओ रै यार।
काया रो कचरो करै, डुबावै मंझधार।
डुबावै मंझधार,पावल्या क्यांटै पीवो।
मन में लेय बिचार,तजो अर सुख सूं जीवो।
कह भावुक कविराय,बात आ सगळां सारु।
जीवण नरक बणाय,जका पीवै छै दारू।



भवानीसिंघ राठौड़
भावुक

## नजरिया




# दृढ निर्णय लेने वाली मोदी सरकार नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करने में क्यों देर कर रही है ?



अशोक भाटिया

समाचार पत्रों में छपे समाचारों के अनुसार भले ही लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को अधिसूचित किये जाने की रिपोर्ट है , पर यह बात अभी भी लोगों के जहन में है कि दृढ निर्णय लेने वाली मोदी सरकार नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करने में क्यों देर कर रही है ? गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम दिसंबर 2019 में अधिनियमित किया गया था और 10 जनवरी, 2020 को लागू भी हुआ था , लेकिन नागरिकता संशोधन अधिनियम नियमों को अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया है। इसी वजह से अभी तक इस क़ानून के तहत किसी को नागरिकता नहीं दी जा सकी है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान के नागरिकों को नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है। इन देशों के हिंदू, सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध और पारसी समुदाय के उन लोगों को नागरिकता दिए जाने का प्रावधान है जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए थे। सवाल है यह भी है कि क़रीब पाँच साल में भी इसके नियमों को अधिसूचित क्यों नहीं किया जा सका तो संसद के नियम इस बारे में क्या कहते हैं? यह भी जानना जरुरी है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम लाने का मक़सद क्या है और इसको लेकर बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन क्यों हुए थे । दरअसल नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंत में और 2020 की शुरुआत में देश में प्रमुख मुद्दा था। इसको लेकर देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस क़ानून को भेदभावपूर्ण क़रार दिया गया था और इसकी व्यापक रूप में आलोचना की गई थी। ऐसा इसलिए था कि यह धर्म के आधार पर नागरिकता देने की बात करता है। आलोचकों का कहना है कि नियोजित राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर या एनआरसी के साथ इस क़ानून से लाखों मुसलमान अपनी नागरिकता खो देंगे। हालांकि, केंद्र का कहना है कि कोई भी भारतीय अपनी नागरिकता नहीं खोएगा। जबकि पहले गृह मंत्री अमित शाह क्रोनोलॉजी समझाते हुए कह चुके हैं कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के बाद एनआरसी और फिर एनपीआर आएगा। इसी आशंका को देखते हुए देश भर के अलग-अलग जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। जामिया के शाहीन बाग में महिलाओं ने शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया था। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भी बड़े पैमाने पर विरोध हुआ था। उत्तरप्रदेश में कई जगहों पर ऐसे ही प्रदर्शन किए गए थे। उत्तर पूर्वी राज्यों में भी तब बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। कई जगहों पर सार्वजनिक संपत्ति को नुक़सान पहुँचाने के आरोप में बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कई जगहों पर लोगों के मारे जाने की ख़बर भी आई थी। शाहीन बाग का आंदोलन तीन महीने से ज़्यादा समय तक चला था। कंपकंपाती सर्द रात में भी महिलाएँ डटी रहीं। इस बीच उनको हटाने की लगातार कोशिशें हुईं। सुप्रीम कोर्ट तक में मामला गया। और आख़िरकार कोविड लॉकडाउन के दौरान उन्हें बड़ी मुश्किल से हटाया गया। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुआ था। तब पुलिस पर आरोप लगा था कि उसने जामिया के होस्टल में घुसकर छात्रों पर लाठी चार्ज किया था। हालाँकि पुलिस इन आरोपों को खारिज करती रही। शाहीन बाग़ जैसा विरोध प्रदर्शन होने पर मौजपुर जाफराबाद क्षेत्र में तब दंगा हो गया था जब उस प्रदर्शन के विरोध में भाजपा नेता कपिल मिश्रा की अगुवाई में सैकड़ों लोग मौजपुर इलाक़े में जमा हो गये थे और इसके बाद क़ानून के विरोध में और समर्थन में उतरे लोगों के बीच पत्थरबाज़ी हुई थी। इसके बाद दंगा हो गया था। उत्तरप्रदेश में नागरिकता संशोधन अधिनियम के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन के दौरान पथराव की घटनाएँ हुई थीं। आरोप लगाया गया था कि प्रदर्शन करने वालों ने सार्वजनिक संपत्ति को नुक़सान पहुँचाया। तब बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया था। योगी सरकार की ओर से नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों के नुकसान की भरपाई को लेकर एक कानून बनाया गया था। इसके तहत बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। इस कानून के मुताबिक़ किसी को अगर सरकारी या निजी संपत्ति को नुक़सान पहुंचाने का दोषी पाया जाता है तो उसे 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है या फिर जेल में जाना पड़ सकता है। जब यह मामला शीर्ष अदालत में पहुँचा था तो सुप्रीम कोर्ट ने योगी आदित्यनाथ सरकार से कहा था कि वह नागरिकता संशोधन क़ानून (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों से वसूल की गई रकम को उन्हें वापस लौटाए। तब नागरिकता संशोधन क़ानून को लेकर पूर्वोत्तर अशांत हो गया था। मेघालय में इस क़ानून को लेकर खासी स्टूडेंट्स यूनियन और ग़ैर आदिवासियों के बीच हुई झड़प में कई लोगों की मौत हो गयी थी। असम में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए थे। जेएनयू के छात्र शरजील इमाम के ख़िलाफ़ नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी नागरिकता संशोधन अधिनियम के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन के दौरान अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय और दिल्ली के जामिया इलाक़े में भड़काऊ भाषण देने के आरोप लगे थे। उनपर राजद्रोह का केस चला। कोविड लॉकडाउन के बाद धीरे-धीरे विरोध प्रदर्शन बंद हो गए। इसके बाद भी नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को अधिसूचित नहीं किया जा सका। हालाँकि, जब तक उठते सवालों पर गृहमंत्री अमित शाह कहते रहे कि कोरोना संक्रमण ख़त्म होने के बाद इसको लागू किया जाएगा। अगस्त 2022 में अमित शाह ने कहा था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम कोविड वैक्सीनेशन अभियान पूरा होने के बाद लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी बीच यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुँच गया। कई लोगों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को धर्म के आधार पर नागरिकता देने वाला बताते हुए चुनौती दी। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में एक शपथपत्र दाखिल करके नागरिकता संशोधन अधिनियम को देश की धर्मनिरपेक्षता के ताने-बाने के खिलाफ बताया। उसने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम धर्म के आधार पर भेदभाव करता है। यह तमिल लोगों के खिलाफ है। तमिलनाडु और डीएमके पहला ऐसा राज्य और पार्टी है जो नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ कोर्ट पहुंची। अब ख़बर आई है कि लोकसभा चुनाव से पहले इसको अधिसूचित किया जाएगा।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को एक समाचार एजेंसी को बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के कारण देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू होने के चार साल बाद, सरकार नागरिकता संशोधन अधिनियम नियमों के साथ तैयार है और लोकसभा चुनाव 2024 से काफी पहले उन्हें लागू करेगी। पदाधिकारी ने कहा, %नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी मौजूद है और पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को उस वर्ष की घोषणा करनी होगी जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। जो लोग पहले ही नागरिकता के लिए आवेदन कर चुके हैं उन्हें नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## पूर्व कर्मचारियों ने रची थी लूट की साजिश, चार लोगों को पकड़ा

### फ्रेश एन ग्रीन कर्मचारी से 9.75 लाख लूट का मामला



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर के जेडीए सर्किल रेलवे अस्पताल के पास सोमवार को फ्रेश एन ग्रीन कंपनी के एकांउटेंट से हुई 9.75 लाख की लूट का आज पुलिस ने खुलासा कर दिया। इसमें चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिनमें यहां कपनी में काम करने वाले पूर्व कर्मचारियों का हाथ होना सामने आया है। पुलिस आज शाम तक पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर पाएगी। फिलहाल अभियुक्तों से गहन पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर काफी रूपयों की बरामदगी की है। सूत्रों के अनुसार आरोपियों में पूर्व कर्मचारी शामिल है जिसे भी डिटेन किया गया है। उसके द्वारा ही पूरी साजिश रचना सामने आया है।

एकाउंटेंट के पास में कुल 12.49 लाख रूपए थे। 9.75 लाख रूपए उसने एक बैग में रखे हुए थे जो कि उसने अपने गले में लटका रखा था और 2.74 लाख रूपए उसने एक कपड़े की थैली में अपनी बाइक पर टांग रखे थे। पिकअप ने पीछे से मारी टक्कर और फिर एक युवक नीचे उतरा और सिर पर रॉड से हमला किया। इससे उसका हेलमेट टूट गया। फिर लुटेरे युवक ने दाहिने पैर के घुटने पर रॉड से हमला किया। इसके बाद गले में लटका रखा बैग ले गया। बता दे कि फ्रेश एंड ग्रीन में कलेक्शन का काम देखने वाले लोहावट के पीलवा स्थित इंद्र नगर निवासी पुखराज विश्नोई पुत्र हीरालाल विश्नोई नाम का युवक के साथ सोमवार एक जनवरी को लूट की वारदात हुई। वह सुबह रोज की तरह सुबह 11 बजे बासनी स्थित हैड ऑफिस से मोटरसाइकिल पर कलेक्शन का पैसा इकट्ठा करने निकला। वह सबसे पहले शास्त्री सर्किल स्थित फ्रेश एंड ग्रीन से कलेक्शन लिया, उसके बाद आखलिया चौराहा और फिर सरदारपुरा से कलेक्शन लेकर खतरनाक पुलिया से जेडीए चौराहे की तरफ से रातानाडा वाली शाखा से कलेक्शन का पैसा लेने जा रहा था। जैसे ही कलेक्शन कर्मी रेलवे स्टेडियम से आगे निकल कर जेडीए सर्किल की तरफ जा रहा था, तभी रेलवे अस्पताल के निकट पीछे से आई एक बिना नंबरी सफेद पिकअप ने उसको टक्कर मारी। इससे वह नीचे गिर गया। उसके बाद बोलेरो कैंपर से नीचे उतरे बदमाश ने उस पर रॉड से हमला किया। हेलमेट पहना होने की वजह से उसके सिर पर चोट नहीं आई। उसके बाद उसके दाहिने घुटने पर रॉड का वार किया। कर्मचारी पुखराज विश्रोई ने रिपोर्ट में बताया कि वह साल 2010 से कंपनी के लिए केश कलेक्शन का काम कर रहा है और खाता संभालता है। फिर कलेक्शन के रूपयों को वह पावटा स्थित एक निजी बैंक की शाखा में जमा करवाता है। सोमवार को उसके पास में दो दिन का कलेक्शन था। कुल 12.49 लाख थे मगर लुटेरा युवक 9.75 लाख रूपए से भरा बैग लेकर भाग गया।

## अरशद को एडी राही अवार्ड से सम्मानित किया



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** साहित्य लेख नही अपने आप में एक कला है। एक रचनाकार को खुद उसकी कृति में उतरना पड़ता है तब कहीं जा कर रचना पूरी होती है। अभिव्यक्ति मात्र को कला नहीं कह सकते। अभिव्यक्ति से पहले जानना जरूरी होता है। जिस प्रकार मूर्तिकार एक पत्थर को तराषता है उसी तरह हमें भी शब्दों से अपनी कृति को तराषना होगा तभी हम साहित्य लिख सकेंगे वर्ना केवल एक लेखनी तक सीमित रहेंगे। यह विचार साहित्यकार प्रो. डॉ. नन्दकिशोर आचार्य ने तीसरे ए डी राही अवार्ड के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए।

साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के प्रोत्साहन एवं साहित्य को बढावा देने लिए जोधपुर की साहित्यिक संस्था तहज़ीब की ओर से डॉ. मदन सावित्री डागा साहित्य भवन नेहरू पार्क में एडी राही अवार्ड–2023 का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का एडी राही अवार्ड टोंक के साहित्यकार अरषद अब्दुल हमीद को काव्य संग्रह 'चरागां सरे ख्वाब' के लिए प्रदान किया गया। सचिव नफासत अहमद ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि आलोचक और चिन्तक प्रो. डॉ नन्दकिशोर आचार्य और अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शाइर तथा आलोचक शीन काफ निज़ाम ने की। मारवाड़ी परम्परा के अनुसार सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया गया। अवार्ड ज्यूरी के सदस्य शीन मीम हनीफ़ ने अवार्ड चयन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। अरशद अब्दुल हमीद ने अपने संबोधन में बताया कि साहित्यकारों की धरती जोधपुर से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

जोधपुर ने अनेकों साहित्यकार दिए हैं जिनतें रमजी इटावी, सरफराज़ शाकिर, शीन काफ निज़ाम, ए डी राही, जैसे अनेक शाइर प्रमुख हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शीन काफ निज़ाम ने साहित्य विशेषकर आलोचना के बारे में विस्तृत चर्चा की। साहित्य को लिखने के लिए साहित्यकार को किस कद्र उसके अंदर अपने आपको उतारना होता है वर्ना केवल मात्र लेखक बन कर रह जाते हैं। चंदन शर्मा ने ए डी रही द्वारा रचित दो ग़ज़लो का पाठ किया। कार्यक्रम कें अंत में संस्था के सचिव नफासत अहमद ने एडी राही के उपस्थित परिजनों उनकी पत्नी और उपस्थित साहित्यकारों, शाइरों व प्रबुद्धजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अब्दुल्लाह सिद्दीकी ने किया।

## हिल पेंटिंग के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान का आगाज



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** आगामी दिनों में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम उत्तर ने हिल पेंटिंग के साथ अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान घोड़ा घाटी स्थित वीर दुर्गादास मार्ग पर आकर्षक 3डी पेंटिंग की गई। अतिरिक्त आयुक्त अंशुप्रिया ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत आम जन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए नगर निगम उत्तर की ओर से आगामी दिनों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसको लेकर पहले चरण में हिल पेंटिंग की शुरुआत की गई है, जिसमें इनफ्रेम कॉलेज ऑफ आर्ट डिजाइन एंड बिजनेस के आर्किटेक्ट के सहयोग से युवा चित्रकारों ने घोड़ा घाटी की पहाडियों पर 3 डी पेंटिग की गई। आर्किटेक्ट फुरकान मिर्जा, भावना शेखवानी, रितु गेहानी ने नक्षत्र दत्तइंफ्रेम कॉलेज के छात्रों से राव जोधा मार्ग पर ब्लूसिटी, घंटाघर, आदिमानव, जंगली जानवर पेंटिंग्स, विंग्स पेंटिंग्स की आकर्षक 3 डी पेंटिंग बनवाई। अतिरिक्त आयुक्त अंशुप्रिया ने बताया कि इन युवा चित्रकारों को नगरनिगम उत्तर की ओर से वॉल पेंटिंग के लिए कलर- ब्रश की व्यवस्था की गई साथ ही गीला सूखा कचरा अलग करने के वर्क शॉप की व्यवस्था कारवाई गई। अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले स्टूडेंट्स को निगम उत्तर की ओर से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वास्थय आधिकारी परिणीता सामरिया, अंकित पुरोहित, नगरनिगम उत्तर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सुमित माहेश्वरी मौजूद रहे। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि आगामी दिनों में शहर के भीतरी इलाकों में भी वॉल पेंटिंग एवं 3ष्ठ वॉल पेंटिंग के जरिए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## आचार्य विजय राजेन्द्र महाराज का जन्मदिवस एवं पुण्यतिथि 17 को



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** त्रिस्तुतिक जैन समुदाय के प्रथम आचार्य विजय राजेन्द्र सूरिश्वर महाराज का 197वां जन्मदिवस एवं 117वीं पुण्यतिथि 17 जनवरी को पूरे भारतवर्ष में मनाई जा रही है। इसी कड़ी में श्री राजेन्द्र सूरी जैन त्रिस्तुतिक संघ जोधपुर के तत्वाधान में 12 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

संघ अध्यक्ष पारसराज पोरवाल ने बताया कि 7 जनवरी को गुलाब नगर, 8 को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, 10 को सिंह पोल, 11 को भैरुबाग सरदारपुरा, 12 को अजीत कॉलोनी, 13 को महामंदिर, 14 को जैन दादावाड़ी मंडोर, 16 को अमर नगर एवं 17 को खैरादियो का बास में स्थित जैन मंदिरों में विराजित गुरुदेव की प्रतिमाओं का पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी मंदिरों में विशेष आकर्षक रोशनी की जाएगी। संघ सचिव हीराचंद भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन 6 जनवरी को प्रभु पार्श्वनाथ के पंच कल्याण पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। नौ जनवरी को सकल संघ श्री भांडवपुर जैन तीर्थ में विराजित गुरुदेव की प्रतिमा के दर्शनार्थ जाएगा। 15 जनवरी को श्री राजेन्द्र भवन में शिवगंज के विधिकारक विरल भाई की निश्रा में विधि विधान से संगीतमय महापूजन का आयोजन रखा गया हैं। संघ सदस्य कमल बाफना ने बताया कि 12 दिवसीय कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था श्री राजेन्द्र मित्र मंडल एवं महिला मंडल द्वारा की जा रही है। 17 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम आयोजित होंगे उसकी रूपरेखा व व्यवस्था के लिए महेन्द्र सुराणा, गौतम खिवसरा, सुरेश लूंकड़, कमलेश सेठ, महेन्द्र व निर्भय भंडारी को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

## मोबाइल टावर व कम्पनी में चोरी



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर में सर्दी की रातों में चोरों की चहलकदमी काफी बढ़ गई है। रात के समय चोर रिहायशी इलाकों में मकानों, दुकानों व मोबाइल टॉवर को निशाना बना रहे है। जोधपुर पश्चिम के अलग-अलग थानों में ऐसे ही दो मामले दर्ज हुए। चोरों ने एक कम्पनी के ताले तोडक़र मशीन व अन्य सामान चोरी कर लिया। वहीं दूसरी तरफ एक मोबाइल टॉवर को निशाना बनाया है।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि छतरगढ़ बीकानेर निवासी भारतसिंह राजवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि वह एयरटेल कम्पनी में काम करता है। उनकी कम्पनी का एक टॉवर कालूरामजी की बावड़ी क्षेत्र में लगा हुआ है। उस टॉवर से अज्ञात चोरों ने दो आरआरयू बैटरी चोरी कर ली। इसी तरह चोरी का एक मामला बोरानाड़ा थाने में भी दर्ज करवाया गया है। बोरानाड़ा पुलिस ने बताया कि उदयमंदिर के पास जामा मस्जिद निवासी कमरूद्दीन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि वह स्क्रैप का काम करते है और उनकी कम्पनी जैन मंदिर बोरानाड़ा के पास केजीएन इंटरप्राइजेज नाम से संचालित होती है। अज्ञात चोरों ने उनकी कम्पनी का ताला तोडक़र दो ग्रेंडर, 1 ड्रिल मशीन व अन्य मशीन चोरी कर ली। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

## जादूगर आंचल ने महिला बंदियों को दिखाया जादू



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जादूगर आंचल ने नववर्ष के उपलक्ष में केंद्रीय कारागृह की महिला बंदियों को नि:शुल्क जादू दिखाकर उनका स्वस्थ मनोरंजन किया। लगभग एक घंटे तक चले इस जादू शो में हर आइटम पर जादूगर आंचल ने उपस्थित बंदियों की भरपूर तालियां बटोरी। करीब चार महीने पहले भी जादूगर आंचल ने केंद्रीय कारागृह के बंदियों को जादू दिखाकर उनका भरपूर मनोरंजन किया था। अब तक भारत की 40 से ज्यादा जेलों में अपनी कला से जादूगर आंचल बंदियों का मनोरंजन कर चुकी है। जोधपुर में दूसरी बार आई जादूगर आंचल पिछले करीब डेढ़ महीने से शहर में शिप हाउस रोड स्थित अपने भव्य डोम में अपने जादू से लोगों का स्वस्थ मनोरंजन कर रही है। जनता की मांग को देखते हुए इस कार्यक्रम की अवधि को कुछ दिनों के लिए बढ़ाया गया है। रोजाना 2 शो हो रहे हैं, पहला शो दिन में 4 बजे एवं दूसरा शो शाम को 7 बजे रहते हैं। रविवार को 3 शो दोपहर एक बजे, चार बजे एवं सात बजे की व्यवस्था है।

## जॉयंट्स ग्रुप ने वृद्धजनों को करवाया भोजन



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जॉयंट्स ग्रुप रॉयल लेडीज द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में आस्था वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन करवाकर फलों का वितरण किया गया। जॉयंट्स ग्रुप रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरूपा पटवा ने बताया कि जॉयंट्स ग्रुप एक समाजसेवी संस्था है, जिसका काम गरीब, असहाय व ज़रूरतमंद लोगों तक खाना व स्कूल में शिक्षा सामग्री, हॉस्पिटल में उपकरण, ज़रूरतमंद लोगों तक मदद सामग्री पहुंचाना है। इसी कड़ी में आस्था वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन करवाया और फलों का वितरण किया। सचिव ममता चोरडिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। संस्थान के प्रमुख महावीर ने इस कार्यक्रम की सराहना की और आने वाले समय में आयोजित कार्यक्रमों के बारे में चर्चा कर सभी सदस्यों की सहमति ली और सभी को धन्यवाद दिया।


### कार्यालय नगरपालिका-पीपाड़ शहर, जिला-जोधपुर (राजस्थान)

क्रमांक: न.पा.पी./भू.रू./2023-24/3011 दिनांक : 03.01.2024

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित व्यक्तियों द्वारा अपनी खातेदारी/खरीद सुदा भूमि का कृषि भूमि से गैर कृषि आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्:-

| क्र.सं. | नाम व पता | मौजा | खसरा नम्बर | क्षेत्र. वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री नन्दकिशोर पुत्र श्री प्यारेलाल जाति माली निवासी पीपाड़ शहर | पीपाड़ शहर | 2445 | 125 वर्गगज (आवासीय) |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03.01.2024 को जारी की गई।

( सुरेशचन्द शर्मा )
प्राधिकृत अधिकारी-नगर पालिका, पीपाड़ शहर

### 160 कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड, अजमेर

क्रमांक : अधि.अभि./नगर खण्ड/अजमेर/डी- दिनांक : 03.01.2024

**द्वितीय निविदा संशोधन सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 30/2023-24**

**DIPR Order No. : DIPR/C/2024/15700, Dated : 06.12.2023**

राजकीय हित में इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 30 वर्ष 2023-24 जरिये पत्र क्रमांक 3056 दिनांक 05.12.2023 एवं दिनांक 3160 दिनांक 14.12.2023 NIB Code PWD23243875 UBN No. 1-PWD2324WSOB16812 के द्वारा आमन्त्रित निविदा में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है।

| निविदा का विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथियां | संशोधित तिथियां |
|---|---|---|
| ऑनलाइन निविदा अपलोड/डाउनलोड करने की तिथि | 06/12/2023 से 21/12/2023 प्रात: 9.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक | 06/12/2023 से 05.02.2024 प्रात: 9.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 22/12/2023 को प्रात: 11.00 बजे से | दिनांक 06/02/2024 को प्रात: 11.00 बजे |

निविदा के शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

( रवि बंसल )
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. नगर खण्ड अजमेर

डीआईपीआर/सी/63/2024

### कार्यालय नगरपालिका-पीपाड़ शहर, जिला-जोधपुर (राजस्थान)

क्रमांक: न.पा.पी./भू.रू./2023-24/3013 दिनांक : 03.01.2024

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित व्यक्तियों द्वारा अपनी खातेदारी/खरीद सुदा भूमि का कृषि भूमि से गैर कृषि आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्:-

| क्र.सं. | नाम व पता | मौजा | खसरा नम्बर | क्षेत्र. वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती चुन्नी देवी पत्नी श्री नीरज जाति शर्मा निवासी सूरहरपुर मउ मोहम्मददाबाद उत्तरप्रदेश | पीपाड़ शहर | 2445 | 111.11 वर्गगज (आवासीय) |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03.01.2024 को जारी की गई।

( सुरेशचन्द शर्मा )
प्राधिकृत अधिकारी-नगर पालिका, पीपाड़ शहर

### राजस्थान-सरकार
### कार्यालय अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग सम्भाग-अजमेर

एमडीएस यूनिवर्सिटी के पास कायड़ चौराहा, अजमेर
E-mail Id-dd.ajm.ayu@rajasthan.gov.in

क्रमांक: लेखा/औषध क्रय/2023-24/04 दिनांक : 01.01.2024

**कार्यालय आदेश**

**निविदा संख्या लेखा/औषध क्रय/2023-24/1590 दिनांक : 13.12.2023 का शुद्धि पत्र**

पहले प्रकाशित हुई निविदा लेखा/औषध क्रय/2023-14/1590 के द्वारा दिनांक 02.01.2024 को दोपहर 1 बजे तक ई-बोली आमन्त्रित की गई थी, निर्धारित अवधि में प्राप्त ई-बोली दिनांक 03.01.2024 को दोपहर 1 बजे खोली जानी थी, परन्तु राज्य सरकार के द्वारा जारी आदेशों की पालना में निविदा स्थगित करते हुए बोली फार्म अपलोड करने की अंतिम दिनांक 29.01.2024 दोपहर 1 बजे तक एवं बोली प्रतिभूति राशि व अन्य दस्तावेज जमा करवाने की अंतिम दिनांक 29.01.2024 सायं 5 बजे की जाती है एवं निर्धारित अवधि में प्राप्त निविदा की तकनीकी ऑनलाइन बोली दिनांक 03.01.2024 के स्थान पर दिनांक 30.01.2024 को दोपहर 1 बजे निम्नहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

अतिरिक्त निदेशक
आयुर्वेद विभाग संभाग, अजमेर

डीआईपीआर/सी/38/2024

### कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज. ) 345001

क्रमांक/भूमि/2023-24/4509 दिनांक : 04.01.2024

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री खेताराम पुत्र श्री टीकमाराम जाति कुमावत निवासी ग्राम पूसड़ जिला बाड़मेर राजस्थान द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 69 साईज 25×50=1250 वर्गफीट वाके दीनदयाल उपाध्याय आवासीय योजना जैसलमेर जो कि श्रीमती नीता पत्नी श्री जयशंकर सिंाी जाति सिंधी निवासी होटल जैसल के पास तालरिया पाड़ा जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री खेताराम पुत्र श्री टीकमाराम जाति कुमावत निवासी ग्राम पूसड़ जिला बाड़मेर राजस्थान द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,

अजमेर वृत्त, लोहाखान, टेम्पो स्टेण्ड के पास, अजमेर
दूरभाष नं. 0145-2970165 E-mail address : seajm.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक: अधी/वृत्त/अज/2023-24/13317-13319 दिनांक : 22.12.2023

**निविदा सूचना संख्या 66/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा सूचना संख्या 66/2023-24 पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से ऑनलाइन सिस्टम ई-प्रोक्यूरमेन्ट वेबसाईट पर आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा की अनुमानित लागत रुपये 42.50 लाख है।

विस्तृत निविदा सूचना जन सम्पर्क निदेशालय की वेबसाईट पर तथा निविदा प्रपत्र वेबसाईट एसपीपीपी, राजस्थान तथा ई-प्रोक्यूरमेन्ट वेबसाईट से दिनांक 22.12.2023 से दिनांक 15.01.2024 को सायं 6.00 बजे तक डाउनलोड एवं इसी समय तक बिड प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 16.01.2024 को प्रात: 11.00 बजे खोली जाएगी।

उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन वेबसाईट एस.पी.पी.पी. पर आईडी क्रमांक PHE2324A4666 से तथा निविदा प्रपत्रों का प्रकाशन यूबीएन नम्बर PHE2324WSOB010966 से किया गया है।

( राजीव कुमार )
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा.अभि. विभाग, वृत्त-अजमेर

डीआईपीआर/सी/20/2024

### कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज. ) 345001

क्रमांक/भूमि/2023-24/04 दिनांक : 04.01.2024

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री आशीष पुत्र स्व. श्री बाबूराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम पोस्ट रूपसी तहसील व जिला जैसलमेर राज. द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि भूखण्ड संख्या बी-128, साईज 17 गुणा 38-646 वर्गफीट 1. श्रीमती मरवो पत्नी स्व. श्री फकीराराम पुत्री स्व. श्री जुगताराम जाति निवासी मेघवाल पाड़ा, 2. श्री राणाराम पुत्र स्व. श्री जुगताराम निवासी ग्राम/पोस्ट रूपसी, 3. श्री पूनमाराम पुत्र स्व. श्री जुगताराम निवासी ग्राम/पोस्ट रूपसी, 4. श्रीमती गंगा पत्नी स्व. श्री बाबूराम पुत्रवधू स्व. श्री जुगताराम, 5. श्री खुबाराम पुत्र स्व. श्री बाबूराम निवासी ग्राम/पोस्ट रूपसी, 6. श्रीमती खातू देवी पत्नी श्री बिहारीराम पुत्री स्व. श्री बाबूराम निवासी मोवाल पाड़ा, 7. श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री पदमाराम पुत्री स्व. श्री बाबूराम निवासी ग्राम/पोस्ट चांधन, 8. श्रीमती अनु पत्नी मुकेश कुमार पत्नी स्व. श्री बाबूराम निवासी ग्राम-सेउवा तहसील व जिला जैसलमेर राज. द्वारा जरिए हकतर्कनामा से प्राप्त किया गया है। उक्त भूखण्ड श्री आशीष पुत्र स्व. श्री बाबूराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम पोस्ट रूपसी तहसील व जिला जैसलमेर राज. द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर

क्रमांक: 3968-3974 दिनांक: 22.12.2023

**निविदा सूचना संख्या 32/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण/सड़क निर्माण कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 01 पैकेज/कार्यों, जिनकी कुल लागत राशि रुपये 17.27 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | दिनांक 23.12.2023 प्रात: 9.00 बजे से दिनांक 09.01.2024 को सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

UBN No. : PWD2324WSOB17809
DIPR/C/16479/2023

( केदार शर्मा )
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड, अजमेर

# पानी में तैरती पत्थर की कुंडी के दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

## बड़ा रामद्वारा के आठवें गादीपति परमहंस अभयराम महाराज का बरसी उत्सव मनाया





**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** बड़ा रामद्वारा सूरसागर में चल रहे बरसी महोत्सव में गुरुवार को रामद्वारा के आठवें गादीपति परमहंस अभयराम महाराज का बरसी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को पानी में तैरने वाली एक क्विंटल पत्थर की कुण्ड़ी के दर्शन करवाए गए। पानी में तैरने वाली इस पत्थर की कुंडी के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कुण्डी में अभयराम महाराज का स्वरूप रखा गया, जिसे राम नाम का जाप करते हुए पानी में छोड़ा गया।

बरसी महोत्सव के दौरान परमहंस डॉ. संत रामप्रसाद महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचनों से लाभांवित किया। इसके साथ ही आज सुबह सर्वप्रथम रामद्वारा के मुख्य द्वार पर सीढियों का पूजन भी किया गया। परमहंस अभयराम महाराज के बरसी महोत्सव के तहत पत्थर की कुंडी जल में तैराई गई और उसके बाद अनुभव वाणी की कथा हुई। कथा में महाराज ने कहा कि गुरु-सेवा, गुरु-शरणा गति को ही भगवत प्राप्ति का एक मात्र उपाय है। भगवत पथ पर चलने के लिए सर्वप्रथम किसी ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष का मार्गदर्शन परमावश्यक है। अगर जीव सदा गुरु के बताइए मार्ग पर चलता है तो सहजता से भव सागर से पार हो जाता हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने कथा में भाग लेते हुए महाराज के जयकारे भी लगाते हुए आस्था प्रकट की। बता दे कि 25 जनवरी तक चलने वाले बरसी उत्सव सत्संग समारोह के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने दो सालों में एक लाख से ज्यादा कारों की बिक्री की

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी कारों की बिक्री की तेज रफ्तार बरकरार रखी है। इसने पिछले दो सालों में 1,00,000 से ज्यादा कारों की ब्रिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। यह भारत को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट्स बनाने की कंपनी की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए बनाए गए दो विश ?वस ?तरीय प्रॉडक्ट्स कुशाक और स्लाविया लॉन्च किए गए थे। इन दोनों मॉडल की कारों की बिक्री से कंपनी को दो साल में ही यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो गई। इससे पहले कंपनी को 1 लाख कारों की बिक्री के आंकड़े तक पहुंचने में छह साल से ज्यादा समय लगा था। कुशाक और स्लाविया जैसी कारों की बड़े पैमाने पर लॉन्चिंग के बाद 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया की कारों की बिक्री ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। 2023 में सप्लाई के मुद्दों और अन्य परेशानियों की वजह से इस बिक्री की रफ्तार में थोड़ी कमी आई।

# हर घर अक्षत व ध्वजा वितरण कार्यक्रम आयोजित



**हुक्मनामा समाचार**

**फलसूण्ड।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने के गौरवशाली पुण्य महोत्सव के उपलक्ष में गुरुवार को फलसूंड मण्डल व भूर्जगढ़ मण्डल के विभिन्न गांवों फूलासर, स्वामीजी की ढाणी, कजोई, मानासर, रावतपुरा, नेतासर, भोमसिंहपुरा, जीवराजगढ, श्यामपुरा, भूरपूरा आदि की बैठक फलसूंड कस्बे के पुराना पंचायत परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम काज हेतु अयोध्या से आए अक्षत, ध्वजा व प्रतिमा वितरण के उद्देश्य से रखी गई। हर घर पीले चावल बांटकर ग्रामीणों को निमन्त्रण दिया जायेगा। 22 जनवरी शाम को सभी मंदिरों में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जायेगा।

राम मंदिर सेवा समिति फलसूंड प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम कहा कि हमारे जीवन का ये अविस्मरणीय पल है, जो हम सभी मंदिर निर्माण कार्य के साक्षात् साक्ष्य बन रहे हैं। भगवान राम सनातन धर्म के सबसे अग्रणी आराध्य देव है, हम सौभाग्यशाली है कि इस गौरवशाली पल क़ो हम देख रहे हैं। सत्यनारायण गौतम ने राम मंदिर के लिए 500 वर्षो के संघर्ष की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए 22 जनवरी को ग्राम स्तर पर मंदिरों में रखे जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

राम मंदिर सेवा समिति उपाध्यक्ष पारस कुमावत ने उपस्थित ग्रामीणों को टोली बनाकर घर-घर अक्षत, ध्वज व प्रतिमा वितरण करने की भूमिका बताई। सरपंच रतनसिंह जोधा ने अपने क्षेत्रानुसार राम काज का दायित्व प्रदान किया। जगदीशजी टावरी, भीमदानजी, अर्जुन, हजारी, रिड़मलराम, धनश्याम, धर्मवीरसिंह, हरिसिंह, रावल, बाबूराम, कमलेश जैन, जगदीश, अरविंद, लूणसिंह आदि कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# डाकघरों की बीट रिव्यू करने से उपभोक्ताओं को होगी परेशानी

## उमस ने केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर जताया विरोध

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल द्वारा जोधपुर के नजदीकी वितरण डाकघरों को मर्ज करने के निर्देशों की उपभोक्ता मार्गदर्शन समिति उमस ने संचार मंत्री व केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री को पत्र लिखकर विरोध प्रकट किया है। उमस के सचिव लियाकत अली ने बताया कि पोस्टमास्टर जनरल राजस्थान परिमंडल द्वारा जोधपुर की विजिट के दौरान यह निर्देशित किया गया था कि नजदीकी डाकघरों को मर्ज करते हुए उपडाकघरों की बीटो को रिव्यू किया जाए। उक्त आदेश के क्रम में प्रवर डाक अधीक्षक जोधपुर मंडल द्वारा कार्यवाही करते हुए कुछ डाकघरों के डाकियों को मूल डाकघर से हटाकर अन्यंत्र डाकघरों से डाक वितरण का कार्य करवाने के प्रयोग किया जा रहा है तथा भविष्य में अन्य डाकघरों से भी डाक वितरण करने वाले कर्मचारियों को मूल डाकघर से हटाकर अन्य डाकघरों में बैठकर डाक शार्टिग से अन्य कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था को डाकघर के उक्त निर्णय से आपत्ति है चूंकि कई यदि डाक विभाग को इस प्रकार के कार्यो का रिव्यू करना है तो शहर के दूरस्थ क्षेत्रों में बड़ी बड़ी सरकारी भूमि लेने की क्या आवश्यकता थी ? मूल डाकघरों से यदि कर्मचारी हटा कर अन्य स्थानों के डाकघरों में डाकिये डाक की शटिंग करेंगे तो क्या वहां पर अव्यवस्था नहीं होगी ? सबसे ज्यादा उन उपभोक्ताओं को अव्यवस्था होगी जो उपभोक्ता डाक के समय घर पर नहीं होगे। विभाग को राज्य सरकार ने पोस्ट ऑफिस स्थापित करने के लिये काफी कम कीमत पर हजारो वर्गमीटर जमीन उपलब्ध करवाई है जिसका उपयोग विभाग कई वर्षो से नहीं कर रहा है तथा ना ही स्टॉफ के बैठने, कार्यव्यवस्था की ओर विभाग ध्यान नहीं देकर उपभोक्ताओ को परेशान करने जैसे कदम उठा रहा है। सचिव लियाकत अली ने पत्र के माध्यम से कहा है कि बीटो के रिव्यू के नाम पर उपभोक्ताओ को परेशान करने जैसे कदम नहीं उठाकर उपभोक्ताओ को किस प्रकार राहत दी जा सकती है इस संबंध में विभाग को कार्य योजना बनानी चाहिये जिससे उपभोक्ताओ को राहत मिल सके।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटे कंबल व गर्म कपड़े

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल के जन्मदिन के मौके पर तिंवरी कस्बे के श्रीराम कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स और बीएसटीटी के स्टूडेंट्स ने कच्ची बस्तियों में जाकर जरूरतमंद लोगों को कंबल बाटें। साथ ही बच्चों को गर्म कपड़े दिए। कॉलेज के डायरेक्टर पीराराम चौधरी ने बताया कि विश्व ब्रेल दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौधरी ने कहा इतनी कड़ाके की ठंड में महान हस्ती का कंबल वितरण कर जन्मदिन मनाने के साथ एक सामाजिक संदेश भी जाता है। इस मौके पर तिंवरी के कच्ची बस्तियों में घर-घर जाकर जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र कपड़े, कंबल वितरण किए गए। इस कार्य में कॉलेज व्यवस्थापक ओमप्रकाश चौधरी, भियाराम चौधरी, कुम्भा राम सारण, महेंद्र बैरड एवं तिंवरी पुलिस चौकी प्रभारी मोती सिंह राजपुरोहित, कांस्टेबल कानाराम बैरड तथा विशेष शिक्षक विसेंद्र कुमार व प्रो हर्ष टाक का विशेष सहयोग रहा।

## लॉन टेनिस प्रतियोगिता सात से

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** 67वीं राष्ट्रीय स्तरीय लॉन टेनिस 17/19 वर्ष छात्रा वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 07 जनवरी से 13 जनवरी तक शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में शाला क्रीड़ा संगम गौशाला मैदान व पुलिस लाईन टेनिस कॉर्ट में किया जाएगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जोधपुर शहर सज्जाद हुसैन, उपजिला शिक्षा अधिकारी शा.शि. सुमित्रा पंवार, संयोजक डॉ. निजामुद्दीन की उपस्थिति में गुरुवार को प्रतियोगिता की पूर्व तैयारियों संबंधी बैठक हुई। सयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयमंन्दिर डॉ. निजामुद्दीन ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न प्रकार की कमेटियों का गठन किया गया हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्वेता कोचर तथा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय इंसाफ खान जई के निर्देशन में समस्त कमेटियां अपना कार्य संपादित करेगी। इंसाफ खान जई ने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से टीमें शिरकत करेंगे, जिनके आवास की व्यवस्था यूथ हॉस्टल व बालिका छात्रावास शाला क्रीडा संगम गौशाला मैदान में की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह क्रीड़ा संगम गौशाला मैदान जोधपुर में 7 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। खेल के लिए क्रीड़ा संगम गौशाला मैदान के टेनिस कोर्ट व पुलिस लाईन के टेनिस कोर्ट का उपयोग किया जाएगा।

# सेखाला एवं बुद्धनगर सहित 14 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक पहुंच रही हैं। आमजन को योजनाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एलईडी वैन एवं शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

जिला नोडल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को पंचायत समिति बावड़ी की ग्राम पंचायत बिराई व गंगानी, धवा की दईपड़ा खींचियान व चाली, मंडोर की जाजीवाल विश्नोईयान व बुद्धनगर, सेखाला की गोगादेवगढ़ व सेखाला, तिंवरी की गंगाडी व जेलू, चामू की सुखमंडा व नाथड़ाऊ और पीपाड़ शहर की मडलिया व मालावास में शिविर आयोजित हुए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में आमजन व स्वागत समिति द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार रथ का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया, इस अवसर पर आमजन ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। योजनाओं से संबंधी प्रचार सामग्री, ब्रोशर, पैम्पलेट वितरित कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

जिले की ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित हुए शिविरों में पात्र ग्रामीणों का आयुष्मान भारत योजना- पीएमजेएवाई, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, राजीविका, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नमो ड्रोन लखपति दीदी योजना एवं पीएम पोषण योजना आदि के बारे में जागरूक किया गया एवं पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया। वहीं महिला लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नि:शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। शिविर के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विजेताओं को प्रमाण पत्र सहित आयोजित शिविरों में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं कार्मिकों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जोधपुर में वाहन चोरी की लगातार बढ़ रही वारदातें

## घर के बाहर खड़ी कार चोरी, आधा दर्जन से अधिक बाइक पार

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जोधपुर में वाहन चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। हर दिन कई थानों में वाहन चोरी के मामले दर्ज हो रहे है। वाहन चोरी की इतनी घटनाओं के बावजूद अभी भी पुलिस के हाथ खाली है। शहर में कुछ और स्थानों पर चोरी हो गई है। घर के बाहर खड़ी कार चोरी का मुकदमा मालकिन ने कुड़ी और शहर में सक्रिय वाहन चोरों के खिलाफ बाइक चोरी के मुकदमे मालिको ने संबंधित थाने में दर्ज कराए।

कुड़ी भगतासनी थाने में दी रिपोर्ट में कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड 5 सेक्टर निवासी इन्दु पाण्डेय पत्नी श्रीकांत पाण्डेय ने पुलिस को बताया कि 27 दिसंबर को अज्ञात चोर घर के बाहर खड़ी कार को चुरा ले गया। प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में कमला नेहरू नगर प्रथम निवासी अनिल लोहिया ने पुलिस को बताया कि रात्रि को घर के बाहर खड़ी उसकी एक्टिवा को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में झूलेलाल मंदिर के पास सोजती गेट निवासी नवीन मेवाड़ा ने पुलिस को बताया कि रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक को चुरा ले गया। शास्त्रीनगर थाने में दी रिपोर्ट में घासमंडी रोड़ निवासी सोहेल मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि वह रावण का चबूतरा मैदान में चल रहे मेले में आया था जहां पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में सुभाष कॉलोनी पीपाड़ सिटी निवासी मुकेश कच्छवाह ने पुलिस को बताया कि वह राइकाबाग रोडवेज बस स्टैंड आया था जहां पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में हनुमान भाखरी नई सडक़ निवासी साजिद हुसैन ने पुलिस को बताया कि वह पावटा अस्पताल आया था जहां पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में विश्वकर्मा नगर सैकेंड सारण डेयरी के पास रहने वाले रामप्रसाद ने पुलिस को बताया कि वह मंडोर मंडी व्यापार संघ कार्यालय के पास आया था जहां पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। मथानिया थाने में दी रिपोर्ट में नेवरा रोड़ निवासी गंगाराम प्रजापत ने पुलिस को बताया कि रात्रि के समय नेवरा रोड़ पर घर के बाहर खड़ की बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया।

## उड़ान ने जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए

**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** उड़ान फाउंडेशन वस्त्र दान अभियान में वस्त्रों व अन्य उपयोगी चीज़ों का दान लगातार जारी है। अभी तक करीब 52 सौ वस्त्रों का दान किया जा चुका है। जोधपुर की अलग अलग जगहों पर जाकर जरूरतमंदों को इस सर्दी से बचाव के लिए वस्त्र वितरित किए जा रहे है। उड़ान फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष वरुण धनाडिया ने बताया कि आमजन द्वारा जागरूकता से वस्त्र दान किया जा रहा है। आमजन द्वारा रातानाडा कृष्णा मंदिर, अर्बन आउटफिट्स सरदारपुरा में रखे गए डोनेशन बॉक्स में वस्त्र दान किए जा रहे है। धनाडिया ने बताया कि वस्त्र वितरण में दुष्यंत व्यास, पार्षद अशोक भाटी, निलेश सोनी, हरि भाई महाराज, किशोर सिंह सोलंकी, हरीश खन्ना,, राहुल राठौड़, मोहित, हरीश भाटी, निर्भीक डोयल व अन्य मौजूद थे।

# सावित्री बाई फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 193 वी जयन्ती पर श्री वैदिक कन्या विद्यालय परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी महापौर श्रीमती कुंती परिहार, उप महापौर अब्दुल करीम जोनी, नरेंद्र कच्छवाह, प्रेमसिंह परिहार, राजेन्द्र सिंह टाक, पूर्व पार्षद अरविंद गहलोत, वैदिक कन्या विद्यालय के अध्यक्ष महेश गहलोत, सचिव माधो सिंह सांखला, उपाध्यक्ष शिव भाटी, कोषाध्यक्ष प्रमोद कच्छवाह, हिंदी मीडियम प्रिंसिपल श्रीमती मधुबाला, इंग्लिश मीडियम प्रिंसीपल मीनाक्षी सोनी व दोनों विद्यालय का स्टाफ उपस्थित था। परिसर स्थित सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# हज हाउस के निर्वाचित पदाधिकारीयों को प्रशस्ति पत्र का वितरण

## मारवाड हज वेलफेयर सोसायटी की कार्यकारिणी का विस्तार



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** मारवाड हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर के गवर्निंग कौंसिल के चुनाव निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मोहम्मद शाहिद शेख द्वारा हाल ही में सम्पन्न कराये गए। सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों को निर्वाचन का प्रशस्ति पत्र गुरूवार को हज हाउस में आयोजित एक समारोह में निर्वाचन अधिकारी ने वितरित किये।

निर्वाचन का प्रशस्ति पत्र अल्हाज सलीम चौहान अध्यक्ष, छोटू खां, जाकिर हुसैन एवं शोएब नवाज खां उपाध्यक्ष, हाजी अब्दुल जब्बार महासचिव, अब्दुल कय्यूम लोदी, हाजी अब्दुल सलीम इंजिनियर एवं अब्दुल हन्नान सहसचिव, मोहम्मद उमर खैरादी कोषाध्यक्ष को प्रदान किया गया। साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मारवाड हज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अल्हाज सलीम चौहान ने मनोनित कार्यकारी सदस्य के तौर पर हाजी अब्दुल सलाम, हाजी अलाबक्ष सैफी, हाजी अब्दुल रशीद चढवा, हाजी मोहम्मद उमर बैलिम, मोहम्मद रमजान काजी, हाजी अख़्तर हुसैन, शकील अहमद चीणीया, मोहम्मद अफजल उस्मानी व मोहम्मद फारूक भाटिया का चयन किया।

# डीआरएम ने किया कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने किया। संघ के मंडल अध्यक्ष रवि बोधा ने बताया कि कैलेंडर विमोचन के बाद डीआरएम से कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर संघ के दर्शन शर्मा,वीरेंद्र सिंह तंवर,एम डी चारण, रमेश कुमावत,ओम चौधरी,नितेश इत्यादि उपस्थित थे।

# संभागीय आयुक्त मेहरा ने किया उदलियावास दौरा

## पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** संभागीय आयुक्त भंवर लाल मेहरा ने ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था के अंतर्गत गुरुवार को बिलाड़ा तहसील अन्तर्गत उदलियावास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई में भाग लिया। उन्होंने गुरुवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जनसुनवाई करते हुए क्षेत्रवासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा इनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। संभागीय आयुक्त ने पूरी संवेदनशीलता और धैर्य के साथ आमजन की समस्याओं को



सुना एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए इनकी वस्तुस्थिति जानी तथा कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर प्रभावितों को समुचित एवं निर्णायक राहत प्रदान करें। उपखण्ड अधिकारी बिलाड़ा हँसमुख कुमार के अनुसार ग्राम पंचायतस्तरीय जनसुनवाई में बिलाड़ा ब्लॉक क्षेत्र की 30 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें से 12 प्रकरण निस्तारित किए गए, जबकि शेष प्रकरणों का युद्धस्तर पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान उदलियावास सरपंच श्री गोविन्दराम, तहसीलदार बिलाड़ा श्रीमती आकांक्षा गोदारा, विकास अधिकारी पंचायत समिति बिलाड़ा नरेन्द्र सोउ सहित ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तरीय पदाधिकारी एवं स्थानीय ग्रामवासी व परिवादीगण उपस्थत रहे।

# जांगिड़ कालदर्शक पंचांग कैलेंडर का विमोचन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री विश्वकर्मा जांगिड़ कर्मचारी समिति की बैठक अरिहंत नगर पालरोड स्थित छात्रावास में समिति के अध्यक्ष रामदीन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समिति की महिला उपाध्यक्ष डॉ. नलिनी राजोतिया ने बताया कि इस दौरान समिति के सदस्यों एवं छात्रों द्वारा नव वर्ष के जांगिड़ कालदर्शक पंचांग कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस मौके समिति के इंदू शर्मा, उदाराम सुथार, कैलाश जायलवाल, लालचंद सोमरवाल, रेवतराम झाला, पंकज जायलवाल सहित छात्रावास के छात्र उपस्थित रहे। रामदीन शर्मा ने बताया कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के अध्ययन के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सुविधा प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों के चहूंमुखी विकास हेतु प्रश्नोत्तरी के साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है।

## बालोतरा में आयोजित कन्या चरित्र, संस्कार निर्माण एवं आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर




**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि महिला आर्य समाज गांधीपुरा बालोतरा एवं आर्य समाज गांधीपुरा बालोतरा के संयुक्त तत्वावधान में बालोतरा में बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन पूनम आर्या एवं राष्ट्रीय संयोजक बहन प्रवेश आर्या के सानिध्य में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 152 आर्य वीरांगनाओं ने भाग लेकर अपने चरित्र एवं संस्कार एवं आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आर्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में बालिकाओं ने ईश्वर संध्या उपासना, आध्यात्मिक, प्राणायाम एवं योग, मेडिटेशन, बौद्धिक प्रवचन, तलवारबाजी, मुक्केबाजी, लाठी संचालन कमांडो, वुशू का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण शिविर में जालौर से मानसी राठौड़, जयश्री राठौड, संध्या, वर्षा आर्या, सपना, समृद्धि, नेहा सुथार पुष्पा कुमारी, वैशाली शीला कुमारी, मनीषा कुमारी, पुष्पा कुमारी, ललित राणा, लूणी कुमारी सहित 14 आर्य वीरांगनाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु मानसी राठौड़, जय श्री राठौड, संध्या, राष्ट्रीय खिलाड़ी कुसुम सुथार एवं दिव्या सोनी को सम्मानित किया गया।

# अणुव्रत गीत महासंगान कार्यक्रम का आयोजन 18 जनवरी को

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी द्वारा अणुव्रत अमृत महोत्सव के अंतर्गत अणुव्रत आंदोलन के गौरवशाली 75 वर्ष पर अणुव्रत गीत महासंगान कार्यक्रम का आयोजन 18 जनवरी 2024 को रखा गया है। अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के राष्ट्रीय सह मंत्री ओम प्रकाश बांठिया ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश नाहर, महासचिव भीकमचंद सुराणा सहित पदाधिकारी द्वारा निर्देश अनुसार पूरे भारत में 18 जनवरी को एक करोड़ से भी अधिक लोगों द्वारा अणुव्रत गीत महासंगान आयोजन में भाग लेने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अंतर्गत अणु व्रत प्रवतक आचार्य तुलसी द्वारा अणुव्रत आंदोलन के शुभारंभ के साथ मानव मात्र में नैतिकता, प्रमाणिकता, व्यसन मुक्ति एवं सांप्रदायिक सौहार्द सहित जीवन जीवन शैली के मूल भावना के साथ गीत का संगान किया गया था, जिसका राष्ट्रीय स्तर पर अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के मगंल सानिध्य मे मुंबई मे आयोजन आयोजित होगा, साथ ही सभी अणुव्रत समितियां, अणुव्रत मंचो, तेरापंथ युवक परिषद् एवं संगठनों से निवेदन किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों, सरकारी कार्यालय में, प्रवचन सभा के दौरान, सार्वजनिक स्थलों पर प्रशासनिक स्तर पर शिक्षा विभाग सहित विभागों के साथ भी संपर्क करते हुए, जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए उक्त कार्य को अपने-अपने क्षेत्र में बड़ी संख्या में करने का लक्ष्य रखें।

अणुव्रत सेवी ओम प्रकाश बांठिया ने जोधपुर संभाग के अंतर्गत अणुव्रत समिति जोधपुर, पाली, बाड़मेर, बालोतरा, जसोल, पचपदरा, बगड़ी अणु व्रत मंच असाडा, टापरा, बायतु, समदड़ी, कनाना, पारलु एवं विभिन्न पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे विद्यालयों से एवं सरकारी विभागों से संपर्क कर 18 जनवरी को विशेष रूप से अणुव्रत गीत महा संगान का आयोजन करें, इस हेतु सभी विद्यालयों, विभागो सहित सभी समितियां को अणुव्रत गीत संगान की सोशल मीडिया पर वीडियो भी प्रेषित की जा रही है ताकि वे अपने क्षेत्र में एवं नजदीकी क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर उक्त कार्य को संपादित कर सके एवं अनुरोध है कि अणुव्रत आंदोलन के इस महा अभियान में सभी अपनी भागीदारी सक्रियता से निभावें।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में बीपीएल परिवार को बेटी की शादी पर मिलेगी आर्थिक सहायता

**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अब आवेदन के लिए जन आधार में विभिन्न दस्तावेज अपडेट करवाने होंगे। विभाग के अधिकारी रमेश चंद्र मेघवाल ने बताया की पूर्व में इस योजना में आवेदन करने के लिए कई दस्तावेज मैन्युअल रूप से अपलोड करने होते थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आवेदन के समय आवेदक को आधार कार्ड, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैक खाता, पेंशन पीपीओ नबंर, कक्षा 10 की अंक तालिका, जन्म दिनांक, दिव्यांगता प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज जन आधार में अपडेट करवाना अनिवार्य होंगे। समाज कल्याण जिला अधिकारी मेघवाल ने बताया कि आवेदन से संबंधित दस्तावेज जन आधार में अपडेट होने पर ही आवेदन किया जा सकेगा।

**बीपीएल परिवारों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर 31 से 51 हजार रूपये की मिलेगी सहायता** – सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जगदीश चांगल ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति व जनजाति तथा अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवारों की कन्याओं को विवाह पर लड़की की शैक्षणिक योग्यतानुसार 31 हजार से 51 हजार रूपये की तथा इन तीन श्रेणियो के अलावा शेष सभी बीपीएल, अंत्योदय, आस्था कार्ड धारी परिवार, आर्थिक दृष्टि से कमजोर विधवा महिलाओं की कन्याओं, विशेष योग्यजन व्यक्तियों की कन्याओं एवं महिला खिलाड़ियों के स्वंय के विवाह तथा पालनहार लाभार्थी कन्याओं के विवाह पर 21 हजार से 41 हजार रूपये तक की सहायता दी जाती है।

### सावित्री बाई फुले महान समाज सुधारक - दवे



**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** कृष्णा सेवा संस्थान द्वारा सावित्री बाई फुले की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष धर्मेन्द्र दवे ने बताया कि सावित्री बाई फुले ने पिछड़ो व वंचितों को शिक्षा का अधिकार दिलवाया था व कई अन्धविश्वाश व कुप्रथाओं का पुरजोर विरोध किया था! उन्होंने उस समय की विपरीत परिस्थितियों में भी पीड़ितों व वंचितों के लिए कई विद्यालय खोले व उनको शिक्षित करने का महान कार्य किया आज हम सभी सदस्य उनके द्वारा किए गए समाज सुधार के कार्यो को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कह रहे है और उनकी जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रदांजलि देकर उनके जीवनी का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर कृष्णा अणुव्रत सेवा समिति अध्यक्ष गौतम चौपड़ा, उपाध्यक्ष घनश्याम राजपुरोहित, नगर प्रभारी विमल मालवीय, आनंद दवे, विपिन दवे, ग्रामीण प्रभारी राजेंद्र माली, कमलेश सोनी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### रक्तदान को लेकर सतीश सेन व सुरेश नामा राष्ट्रीय स्तर पर होंगे सम्मानित



**भीनमाल (हुक्मनामा समाचार)।** कोटा में आयोजित होने वाले रक्तदान जीवनदान सेवा समिति की ओर से राष्ट्रीय रक्तदान सम्मान समारोह 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत भीनमाल यूथ फॉर नेशन संस्था का सम्मान किया जाएगा। रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने को लेकर यूथ फॉर नेशन संस्थान के अध्यक्ष सतीश सेन व रक्त प्रभारी सुरेश नामा का कोटा में सम्मान किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से रक्तदान को लेकर युवा सम्मिलित होंगे। संस्थान के अध्यक्ष सतीश सेन ने बताया कि यूथ फॉर नेशन संस्थान भीनमाल लंबे समय से रक्तदान को लेकर कार्य कर रही है भीनमाल शहर ही नहीं राज्य भर में रक्तदान को लेकर कई उल्लेखनीय कार्य रक्तदान के क्षेत्र में किए गए हैं।

### ठेकेदार सोनेल को जी 22 समरसता अवार्ड से नवाजा गया



**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी ठेकेदार कालूराम सोनेल का जी 22 समरसता आवार्ड से नवाजा गया है।वही अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा काठमांडू नेपाल में जी 22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन रशियन कल्चर सेंटर सभागार कमल पोकरी काठमांडू नेपाल में किया गया उक्त सम्मेलन में प्रथम अवार्ड समाजसेवी कालूराम सोनेल को प्राप्त हुआ।अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा काठमांडू ने बताया कि ठेकेदार कालूराम सोनेल फर्म सोनेल कन्स्ट्रेक्शन कम्पनी जोधपुर के नेतृत्व में काठमांडू में आये भारतीय नागरिको का होटल आनन्द में सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांसद रेखा यादव पूर्व मंत्री अब्दुल खान एंव डॉ. गोपाल ठाकुर अध्यक्ष भाषा आयोग, नेपाल सरकार ने अगवानी कर स्वागत किया गया वही ठेकेदार सोनेल के नेतृत्व में पशुपति नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर जी 22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का शुभारम्भ किया। शुभारम्भ के अवसर पर पशुपति विकास बोर्ड सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पशुपति नाथ का प्रसाद सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल सदस्यो को वितरण किया जी 22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में ठेकेदार सोनेल को जी 22 समरसता आवार्ड में महामहिम प्रथम उप राष्ट्रपति नेपाल व न्यायमूर्ति परमानन्द झा ने राष्ट्र की टोपी भेंटकर स्वागत किया वही लोकेन्द्र बहादुर चंद पूर्व प्रधानमंत्री नेपाल ने शाल, सुशील टोकरी राज्यमंत्री पर्यटन एंव सांस्कृतिक नेपाल सरकार ने मंडल, इन्दिरा राणा मगर उपयोग सभा मुख नेपाल सरकार ने अभिनन्दन पत्र, डॉ. शिवमाया तुम्बाडफे प्रथम महिला उपसभा मुख नेपाल सरकार ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर अवार्ड से नवाजा गया इस दौरान गणेश शाह पूर्व मंत्री नेपाल, डॉ. विष्णु हरि नेपाल पूर्व राजदूत जापान, कुमारी मुक्तान केबिनेट मंत्री बागमती प्रदेश नेपाल, न्यायमूर्ति गिरिश चन्द पूर्व न्यायाधीश नेपाल सर्वोच्च न्यायालय, विमलेश निधि पूर्व उप प्रधानमंत्री नेपाल आदि जी 22 अवार्ड के साक्षी बने वही जी 22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन को 22 राष्ट्रो जिसमें भारत नेपाल भूटान अफगानिस्तान अल्जीरिया एंगोला आस्ट्रिया कोरिया फिनलैण्ड जर्मन ईराक इजराईल मैकडोनिया मोरक्को नीदरलैण्ड नाईजीरिया नार्वेजियन रोमानिया रायल डेनिश व तुनिशियॉ आदि ने अपना नैतिक समर्थन दिया।उधर सोनेल को जी 22 समरसता अवार्ड मिलने पर विभिन्न संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

# विजेताओं ने जिला कलेक्टर को सौपी ट्रॉफी

## अष्टम बास्केटबॉल प्रतियोगिता



**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** बांसवाड़ा में संपन्न हुई राजस्थान राज्य अंतरजिला सिविल सेवा अष्टम बास्केटबॉल प्रतियोगिता- 2023-24 में तीसरे स्थान पर रही जिला जैसलमेर की टीम ने जिला कलक्टर जैसलमेर आशीष गुप्ता से भेंट कर उन्हें जीती गई ट्रॉफी भेंट की। टीम मैनेजर चतुरसिंह राठौड़ नायब तहसीलदार सम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य के 40 टीमो ने भाग लिया था। टीम जैसलमर ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला जयपुर शहर, राजसमन्द, हनुमानगढ़ की टीम को शानदार तरीके से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया, जहां काँटे के मुकाबले में 44-40 से जिला अजमेर की टीम विजेता रही। इसके बाद हार्ड लाईन फाईनल में जिला ब्यावर को हराकर जैसलमेर की टीम तीसरे स्थान पर रही। नायब तहसीलदार मोहनगढ महेन्द्र खत्री के नेतृत्व में जिला जैसलमेर की बास्केटबॉल टीम ने जिला कलक्टर जैसलमेर आशीष गुप्ता से उनके कार्यालय में भेंट कर उन्हें जीती गई ट्रॉफी भेंट की। टीम के अन्य खिलाड़ी दिलीप सिंह भाटी, रतन सिंह, राजेश कुमार, कुलदीप सिह, मनीष भट्ट, जितेन्द्रसिंह, सुनील कुमार, विक्रम सिंह, विजय सिंह, विकास मीना, सुनील विश्नोई भी इस मौके पर उपस्थित रहे। जिला कलक्टर जैसलमेर ने टीम के प्रयासों व मेहनत की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम को बधाई दी व टीम को मिठाई भेंट की। उन्होंने यह भी कहा कि खेल अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी आवश्यक है, खेल के द्वारा अधिकारी/कर्मचारी फिट रहकर राजकीय दायित्वों का निर्वहन बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

## कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**आनन्दपुर कालू (हुक्मनामा समाचार)।** जैतारण विधानसभा क्षेत्र के विधायक अविनाश गहलोत के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद प्रथम बार जैतारण आगमन पर गुरूवार को विधायक सेवा केन्द्र पर आनन्दपुर कालू, लाम्बिया, पीपाडा, बलुन्दा, बाझाकुडी, लिलरिया सहित आस पास क्षैत्र के भाजपा कार्यकत्ता सहित ग्रामीणो द्वारा साफा माला शॉल ओढाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि जैतारण क्षेत्र के विकास में राज्य सरकार एव केन्द्र सरकार की प्रत्येक योजना प्रत्येक नागरिक तक पहुचाकर आम जन को राहत पहुचाई जायेगी इस अवसर पर उप सरपच बाबुलाल टाक, राजुराम गहलोत, नेहरुलाल पचारीया, धनराज जांगीड, नेमाराम पालडिया, विनोद शर्मा, ललित जैन, रतनलाल गहलोत लिलरिया, सहित सैकडो भाजपा कार्यकत्ता ग्रामीण जन मौजुद रहे।

## नारनाडी व उचियारडा गौशाला में 121-121 किलो लापसी गौवंश को खिलाई



**लूणावास खारा (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस प्रदेश महासचिव करणसिंह उचियारडा का 55 वा जन्मदिवस गुरूवार को गौसेवा के रूप में मनाया गया। करणसिंह उचियारडा ने पैतृक गाँव उचियारडा स्थित चांदकंवर गौशाला में ग्रामीणों के साथ गोवंश को लापसी व हरा चारा खिलाया। ग्रामीणों ने करणसिंह उचियारडा का अभिनंदन कर जन्मदिवस की बधाई दी। ईसके पश्चात लूणी विधानसभा कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा नारनाडी राजपुरोहित संत श्री हरि फुसाराम गौशाला में करणसिंह उचियारडा के जन्मदिवस पर गौवंश के 121 किलो लापसी व हरा चारा खिलाया गया। करणसिंह उचियारडा ने गौशाला में श्रीकृष्ण भगवान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गौशाला संस्थान द्वारा करणसिंह उचियारडा का दुपट्टा पहनाकर व गौमाता की मूर्ति भेंटकर कर सम्मानित किया। राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा करणसिंह उचियारडा को पुष्पमालाए पहनाकर अभिनंदन कर बधाई दी। करणसिंह उचियारडा ने गौ भक्तों के साथ गौमाता को लापसी व हरा चारा खिलाकर आशीर्वाद लिया। ईस दौरान प्रदेश महासचिव करणसिंह उचियारडा, पूर्व गौसेवा अध्यक्ष सुमेरसिंह राजपुरोहित कनोडिया, प्रदेश सचिव नरपत पन्नु, कांग्रेस मंडोर ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष गोपाराम मेघवाल, धवा सरपंच संघ अध्यक्ष व जानादेशर सरपंच भंवरलाल जाट, उचियारडा सरपंच ईलायची देवी, पिपरली सरपंच नाथूसिंह चौहान, झंवर पूर्व पंचायत समिति सदस्य थानाराम मुण्डण, अर्जुनसिंह उचियारडा, छोटूसिंह ईन्द्रोका, सोहन चन्देल, सतपाल देवासी, सरपंच मदाराम, नारनाडी पूर्व सरपंच हिराराम पटेल, कांग्रेस वरिष्ठ नेता शेराराम पटेल डोली पूर्व उपसरपंच तेजाराम मेघवाल, राजूसिंह राजपुरोहित आदि प्रबुद्धजन मौजूद थे।

# जैन तीर्थ नाकोड़ा मे तीन दिवसीय पोष दशमी का मेला कल से होगा शुरू



**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** नाकोड़ा मे स्तिथ प्रसिद्ध जैन तीर्थ नाकोड़ा मे कल से तीन दिवसीय श्री पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य शुभारम्भ होगा।

तीन दिवसीय पोष दशमी के मेले को लेकर नाकोड़ा ट्रस्ट मंडल् की ओर से तैयारियों की जा रही है। नाकोड़ा जैन तीर्थ के चेयर मैन रमेश चंद मुथा ने बताया कि पोष दशमी के मेले मे तीन दिन तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मेले मे श्रद्धालु भैरव देव की पूजा अर्चना कर जीवन मे खुशहाली की कामनाएं करेंगे।

## राम मंदिर से आई अक्षत कलश यात्रा का भोजासर में किया भव्य स्वागत

**घंटियाली (हुक्मनामा समाचार)।** यूपी के अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देने हेतु राम मंदिर से आई अक्षत कलश यात्रा का भोजासर में गुरुवार को भव्य स्वागत किया। रथ यात्रा से आए भक्तों ने भोजासर, छितरबेरा, घंटियाली सहित नजदीकी गांवों में घर घर जाकर पीले चावल देकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण दिया।भोजासर सरपंच पूनमचंद बिश्नोई ने 22जनवरी को घर घर दीपक जलाकर प्राण प्रतिष्ठा को दीपावली की तरह मनाने की अपील की। भोजासर राम मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुजान बागाणी ने बताया की इसी दिन 22जवनरी को भोजासर में भी नव निर्मित राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिसमें समस्त नजदीकी ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा आने का आह्वान किया। इस दौरान भोजसर सरपंच पूनमचंद बिश्नोई, पूर्व सरपंच डीआर बिश्नोई, युवा उद्यमी राजेश बिश्नोई, मोमराज जाणी, युवा नेता सुभाष बागाणी, पप्पू डारा, राम मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुजान बागाणी, सचिव तिलोक धर्माणीसहित ग्रामीण मौजूद थे।

## अयोध्या से अक्षत कलश गांव ढाणी पहूचे, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** अयोध्या मे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर अयोध्या से भेजें गये अक्षत कलश क्षेत्र में हर गांव व ढाणी तक पहूच रहे हैं तथा ग्रामीण राम भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकालकर स्वागत भी किया जा रहा है।वही हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता गांव में घर घर जाकर चावल का वितरण किया जा रहा है। वहिप जिलाध्यक्ष घनश्याम ओझा के नेतृत्व में नववर्ष से शुरू हुआ अक्षत वितरण अभियान लगातार गति पकड़ता जा रहा है वही समूचा क्षेत्र प्रभु श्री राम की भक्ति में भी सरोबार नजर आने लगा है।

वही क्षेत्र के जसपाली जवासिया रिया सेठोंकी बाकलिया बगड़की सिंधीपुरा भुंडाना साथींन सहित अन्य गावों मे अक्षत कलश पहूचने पर ग्रामीणों द्वारा कलश का पूजन कर कलश मंदिरों में रखवाए गये वही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में अक्षत का वितरण किया गया है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन माताएं बहने बच्चे भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पृथ्वीसिंह ने कहा की राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक लंबा संघर्ष हुआ तथा हर देशवासी की भावना के अनुरूप अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हूआ है। वही विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष घनश्याम ओझा ने आगामी 22 जनवरी को आवश्यक तैयारियों के संबंध में अवगत करवाया

उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में जोश एवं उत्साह बना हुआ है। स्वयंसेवकों ने अलग-अलग टोली बनाकर गांव के हर घर में



श्री राम जी की फोटो एवं चावल के साथ पत्रक बांटने का जिम्मा लिया। गांव का सामूहिक निमंत्रण दिया गया।वही वरिष्ठ पुजारी चुतरदास वैष्णव का माला पहनाकर स्वागत किया।विहिप जिला अध्यक्ष घनश्याम ओझा विहिप पीपाड़ प्रखंड मंत्री मोहन सोनी विहिप पीपाड़ प्रखंड सेवा प्रमुख महेंद्र ओझा आरएसएस स्वयंसेवक दिनेश जांगिड़ जालखा सरपंच बक्साराम तेजाराम जाखड़ व रमेश सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## पार्षद कुमावत ने ईओ को दिया ज्ञापनः रैन बसेरा शुरू करने की मांग

**सुमेरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगरपालिका के वार्ड संख्या 25 में अस्थाई रैन बसेरा लगाने को लेकर गुरुवार को पार्षद ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। पार्षद नरेश कुमावत ने ज्ञापन में बताया कि वार्ड संख्या 25 में दिल सर्कल के पास पालिका द्वारा हर वर्ष अस्थाई रैन बसेरा लगाया जाता है, जिसमें सर्दी से बचाव हेतु गरीब तबके के लोगों को सोने की सुविधा मिलती हैं। लेकिन इस वर्ष वार्ड में अस्थाई रैन बसेरा नहीं लगाया गया जिस कारण गरीब मजदूरों को सर्दी के मौसम में काफी परेशानी होती हैं। पार्षद कुमावत ने रेन बसेरा शुरू करने के लिए पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर वार्ड संख्या 25 में जनहित में कार्य करवाने का निवेदन किया है।

# बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम-अजुवारु के अंतर्गत डूंगरपुर में शिक्षक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम-अजुवारू के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण का दूसरा चरण डूंगरपुर जिले के दो ब्लॉकों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण डूंगरपुर जिले के गुरुगोविंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांसिया, सीमलवाड़ा एवं पाटीदार छात्रावास, सागवाड़ा में आयोजित किया गया। ग्रेट ईस्टर्न सीएसआर फाउंडेशन द्वारा समर्थित और एलएलएफ के नेतृत्व में प्राथमिक ग्रेड 1-3 में बच्चों की घरेलू भाषा के उपयोग को बढ़ावा देकर सीखने के परिणामों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को बच्चों की मूल भाषा (एल1) और स्कूल की औपचारिक भाषा (एल2) दोनों में प्रभावी ढंग से निर्देश देने के लिए प्रशिक्षित करना है। इसके अलावा कार्यक्रम में शिक्षकों को शिक्षण प्रथाओं में सुधार करने और बच्चों के बीच बेहतर समझ को सक्षम करने में सहायता करने के लिए हिंदी भाषा के लिए एक पुल के रूप में परिचित भाषा का उपयोग करने पर एक मॉड्यूल भी तैयार किया गया था। जिसको कक्षा-कक्ष में बच्चों की शिक्षण प्रक्रियाओं में रणनीतिक ढंग से काम लिया जाए। सत्र में कार्यपुस्तिकाओं के डिजाइन और विकास और शिक्षक मार्गदर्शन सत्रों पर भी चर्चा हुई। साथ ही, चरण 1 की समीक्षा करते हुए आगामी योजना पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए अनिल सोमवंशी, सहायक निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद (आरसीएससीई) ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बच्चे की मातृभाषा में मूलभूत शिक्षा के महत्व पर जोर देती है। बच्चों के लिए अपनी भाषा में बुनियादी चीजें सीखना वास्तव में महत्वपूर्ण है। सभी शिक्षक बच्चों को उनकी घरेलू भाषा में ग्रेड दें और धीरे-धीरे उन्हें स्कूल की भाषा में बदलें, जिससे सीखने के परिणाम बेहतर हो सकें। 'लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के संस्थापक और कार्यकारी निदेशक, धीर झिंगरन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन पर अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा 'एलएलएफ में, हम मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक परिणामों को मजबूत करने के लिए बहुभाषी दृष्टिकोण में विश्वास करते हैं। बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने की हमारी रणनीतियों में शुरुआती महीनों में बच्चों की घरेलू भाषाओं में ही सीखना और पढ़ाना और बच्चों की घरेलू भाषा के संतुलित और रणनीतिक उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है। यह प्रशिक्षण सत्र प्राथमिक शिक्षा में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करके सीखने के परिणामों में सुधार लाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में एलएलएफ के सदस्य, रामावतार गुर्जर, हरेंद्र सिंह चौहान, भवर मीना, अशोक कुमार मीना और अमृत लाल खराड़ी ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहयोग किया।

# रविवार को आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा में परीक्षार्थी कर सकेंगे रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा 07 जनवरी (रविवार) को आयोजित होने वाली सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा के परीक्षार्थियों को रोडवेज की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों मे निःशुल्क यात्रा सुविधा मिलेगी। इसके लिये गुरूवार को राजस्थान रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने परिवहन व्यवस्था सुचारू रखने के लिये आवश्यक दिशा—निर्देश जारी किये।

रोडवेज एमडी ने बताया कि सभी मुख्य प्रबन्धकों को प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीयों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यकतानुसार स्थाई/अस्थाई बस स्टेण्ड, अतिरिक्त बसों की व्यवस्था, बसों के मेन्टीनेन्स, बुकिंग विण्डो एवं चालक-परिचालकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये पाबन्द किया गया है।

परीक्षार्थी निःशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ प्रवेश पत्र के साथ फोटो युक्त आईडी के आधार पर परिक्षा के एक दिवस पूर्व एवं एक दिवस बाद तक ले सकेगे।

इसके अतिरिक्त डिडेल ने बताया कि 01 जनवरी से 03 जनवरी के मध्य जाम और प्रदर्शन के मध्यनजर रद्ध हुई बसों के यात्रियों का रिफंड भी प्रोसेस करने के लिये निर्देशित किया गया है, जिसके तहत अधिकतर आगारों से रिफंड की कार्यवाही पूरी की जा चुकी है।

# राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने किया पदभार ग्रहण



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार में नवनियुक्त राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने गुरुवार को शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में पूजा-अर्चना के साथ पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, महिलाओं के सर्वांगीण विकास के साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान उनके परिजन एवं परिचित तथा विशिष्टजन उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मंजू बाघमार को पदभार ग्रहण की बधाई दी।

# 10 जनवरी को आयोजित होगी अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त मृत आश्रितों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर जिले में कार्यरत मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति के पश्चात ली जाने वाली कंप्यूटर टंकण गति परीक्षा दिनांक 10 जनवरी, 2024 (बुधवार) को एसजेएम कॉलेज ऑनलाइन एग्जामिनेशन सेंटर, कांवटिया सर्किल के पास, रामनगर, शास्त्री नगर, जयपुर में दो पारियों में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) ने बताया कि 4 जनवरी 2024 को उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र पंजीकृत डाक से जारी किये जा चुके हैं। जिन परीक्षार्थियों को 08 जनवरी, 2024 तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हुए हों तो, वे 11 जनवरी, 2024 को शाम 5 बजे तक जिला कलक्टर जयपुर के कमरा नम्बर-149 में संस्थापन अधिकारी कक्ष से प्रवेश पत्र की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

# 7 जनवरी को आयोजित होगी सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 7 जनवरी 2023 (रविवार) को सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन जयपुर शहर के 180 परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो दिनांक 5 जनवरी एवं 6 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एवं 7 जनवरी को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## पीएम मोदी प्रदेश कार्यालय में लेंगे संगठनात्मक बैठक

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयपुर आगमन को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में तैयारियां जोरों पर






**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में 5 जनवरी से लेकर 7 जनवरी तक होने वाले महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा और प्रशासन दोनों तैयारियों में जुट गए है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार भाजपा प्रदेश कार्यालय में 5 जनवरी को सायं विधायकों व पदाधिकारियों की बैठक लेंगे।

इस संबंध में आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारियों को पीएम मोदी के कार्यक्रम के संबंध में दिशा-निर्देश भी दिये गये।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयपुर आगमन पर शहर और भाजपा प्रदेश कार्यालय को सजाया जा रहा है। प्रशासन और भाजपा के पदाधिकारी पीएम के कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। प्रभु श्री राम मंदिर के शुभारंभ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया है।

वहीं प्रदेश भाजपा की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तहत तीन दिवसीय सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत तीन दिनों तक विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान के चलाया जा रहा है।

जिसमें शहर के भीतर 2 जनवरी को महापुरूषों की प्रतिमाओं को स्वच्छ किया गया। वहीं अभियान की इस कडी में धार्मिक स्थलों के साथ सार्वजनिक पार्क तक को साफ किया जा रहा है। भाजपा के इस अभियान में बूथ, मंडल और प्रदेश पदाधिकारियों सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हो रहे है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी मतलब कार्य पूरा होने की गारंटी है। राजस्थान में विधानसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को गारंटी दी थी, भाजपा की सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उन गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया और 450 में रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना से लोगों को लाभान्वित किया।

भाजपा सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविर लगाए जा रहे है, जहां अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान भारत योजना सहित मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोडने का कार्य किया जा रहा है।

## इग्नू के एग्जाम सेंटर पर बीए सेकंड ईयर का दे रहा था एक्जाम

# भाई की जगह एग्जाम दे रहा डमी कैंडिडेट पकड़ा

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** भाई की जगह बीए-सेकंड ईयर का एग्जाम दे रहे एक कैंडिडेट को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी एसके गर्ल्स कॉलेज में इग्नू एग्जाम सेंटर पर एग्जाम दे रहा था। मामला सीकर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। एग्जामिनर महेंद्र कुमार (29) ने कोतवाली पुलिस को दी रिपोर्ट ने बताया कि सीकर के कल्याण गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के एग्जाम सेंटर पर बीए- सेकंड ईयर के एग्जाम हो रहे थे। इस दौरान डमी कैंडिडेट निर्मल अपने भाई जितेंद्र कुमार की जगह एग्जाम दे रहा था।इस दौरान जब एग्जामिनर ने कैंडिडेट का एडमिट कार्ड चेक किया तो वास्तविक कैंडिडेट का चेहरा डमी कैंडिडेट से नहीं मिला। जिसके बाद आरोपी ने खुद को भाई की जगह एग्जाम दे रहा डमी कैंडिडेट बताया। जिसके बाद एग्जामिनर ने डमी कैंडिडेट की सूचना प्रिंसिपल व सेंटर प्रभारी को दी। जिसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया और मामला दर्ज कराया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई विद्याधर कर रहे हैं।

# पूर्व मंत्री समेत 5 के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

## अवैध खनन कर बेची 90 करोड़ की मिट्टी, भाजपा पार्षद ने की शिकायत

**बारां ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के कोटा रोड मिनी सचिवालय के पीछे स्थित सरकारी जमीन से पिछले कुछ महीनों में बड़ी मात्रा में अवैध खनन किया गया।

लेकिन जिम्मेदारों की ओर से मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब कोतवाली पुलिस ने बुधवार को भाजपा पार्षद दिलीप शाक्यवाल की रिपोर्ट पर मिनी सचिवालय के पीछे सरकारी चरागाह और राजस्व की जमीन पर अवैध खनन कर मिट्टी चुराने और बेचने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली सीआई रामविलास मीणा ने बताया कि पार्षद दिलीप शाक्यवाल ने आरोप लगाया कि बारां निवासी अंकित जैन उर्फ बोरडिया, सुनील यादव, नरेश तांत्रिक और शरद शर्मा ने जिला कलेक्टर कार्यालय और खनिज विभाग कार्यालय के समीप की राजस्व और सरकारी चारागाह जमीन को खुर्दबुर्द कर करीब 90 करोड़ से अधिक कीमत मिट्टी खोदकर अवैध स्टॉक और बेचान कर दी। आरोपियों ने सरकार व खान विभाग से धोखाधड़ी कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया। बिना रॉयल्टी दिए, लीज, विधिक आदेश व बिना टैंडर सरकारी जमीन खोद, मिट्टी बेच दी। जिससे सरकार व माइनिंग का करोड़ों के राजस्व का नुकसान किया है।

पार्षद ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है पूर्व मंत्री प्रमोद जैन ने अपने लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए खनन विभाग के मुखिया होने के प्रभाव का दुरुपयोग किया।

आरोपियों ने मोनोपोली तैयार कर रखी थी। जिससे शहर समेत आसपास आमजन, ठेकेदार आदि को जरूरत होने पर मजबूरन इनसे ही मनमाने दाम पर मिट्टी खरीदनी पड़ती थी।

आरोपियों की ओर से डंपर, जेसीबी से सरकारी जमीन पर मिट्टी खुदाई कर चोरी कर बारां मे मिट्टी अवेध बेचान किया व सरकारी जमीन से अवैध खनन कर मिट्टी चुराकर फ्री की मिट्टी के हजारों रुपये प्रति डंपर आमजन से अवैध वसूले।

पुलिस ने भाजपा पार्षद की रिपोर्ट कर आधार पर पूर्व मंत्री प्रमोद जैन और अंकित जैन उर्फ बोरडिया, सुनील यादव, नरेश तांत्रिक व शरद शर्मा के खिलाफ भादसं की धारा 420, 384, 413, 426, 120बी, 379 व एमएमआरडी एक्ट में 4/21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कैबिनेट मंत्री को जान से मारने की धमकी वॉट्सऐप ग्रुप पर लिखा, हमारे हाथ लगा तो मर जाएगा, डेढ़ घंटे बाद ही पकड़ा गया

**उदयपुर ( एजेन्सी )।** कैबिनेट मंत्री और झाड़ोल (उदयपुर) विधायक बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी मिली है। एक गांव के वॉट्सऐप ग्रुप पर लिखा गया- बाबूलाल खराड़ी को बोल देना कि गोलकुंडा माताजी पर पधारने से पहले दो बार सोच ले। इसको मरना है या जिंदा रहना है। इसने आज तक लोगों के बारे में कभी सोचा है..... (गाली..)। आज तक मौज कर रहा है। हमारे साथ लग गया तो मर जाएगा। इसके बाद ग्रुप एडमिन हरकत में आए और मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस इस घटना के डेढ़ घंटे के भीतर एक 16 साल के नाबालिग को पकड़ लिया। उसके माफी मांगने के बाद उसे छोड़ दिया गया है। मामला उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र का है।

**अपशब्द भी लिखे** कोटड़ा थाना अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया- बुधवार को कैबिनेट मंत्री के पहली बार कोटड़ा आने का कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम के तहत उन्हें विकसित भारत संकल्प शिविर में जाना था। इसी को लेकर कोटड़ा थाना क्षेत्र के नयावास गांव का जय श्री मां गोर कुंडा वाली नयावास नाम से वॉट्सऐप ग्रुप बनाया गया था। इस ग्रुप के एक सदस्य ने शिविर और खराड़ी के कोटड़ा दौरे की जानकारी शेयर की थी। इसके तुरंत बाद शाम करीब 4 बजे ग्रुप से जुड़े एक मेंबर ने धमकी भरे मैसेज लिख डाले। इतना ही नहीं, ग्रुप में कैबिनेट मंत्री को जान से मारने की धमकी दे डाली।




# डिप्टी सीएम पद की शपथ को चुनौती देने का मामला, केन्द्र ने कहा- याचिका राजनीति से प्रेरित, याचिकाकर्ता बोले, संविधान में ऐसा पद ही नहीं

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** डिप्टी सीएम दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा की उप मुख्यमंत्री पद की शपथ को असंवैधानिक करार देने से जुड़ी याचिका पर आज हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता, अधिवक्ता ओम प्रकाश सोलंकी ने कहा कि संविधान में डिप्टी सीएम का कोई पद ही नहीं है। यह राजनीति से प्रेरित शब्द हैं।

दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने इस पदनाम की शपथ ली हैं। ऐसे में इनकी शपथ को असंवैधानिक करार दिया जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता की तरह गाउन और बैंड लगा रखा था। इस पर कोर्ट ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि जब अधिवक्ता याचिकाकर्ता के रूप में कोर्ट के समक्ष उपस्थित हों तो उसे गाउन व बैंड नहीं लगाना चाहिए। इस कोर्ट ने सुनवाई 5 जनवरी तक टाल दी।

**केन्द्र ने कहा याचिका राजनीति से प्रेरित** सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी ने कहा कि यह याचिका पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। शपथ में किसी भी तरह से संवैधानिक व कानूनी कमी नहीं है। पहले भी सुप्रीम कोर्ट व अलग-अलग हाई कोर्ट इस तरह की शपथ को सही ठहरा चुके हैं। उन्होंने हाई कोर्ट के समक्ष इन आदेशों को भी प्रस्तुत किया।

**दिया-प्रेमचंद ने 15 दिसम्बर को ली थी शपथ** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने 15 दिसम्बर को अल्बर्ट हॉल पर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें यह शपथ दिलाई थी। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी सहित केन्द्रीय मंत्री व अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे थे।

**राजस्थान में अब तक डिप्टी सीएम बने नेता कैबिनेट मंत्री की शपथ लेते रहे हैं** राजस्थान में पहले भी डिप्टी सीएम बनते रहे हैं। भैरोंसिंह शेखावत सरकार में हरिशंकर भाभड़ा डिप्टी सीएम बने थे। अशोक गहलोत की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार में 2002 में कमला बेनीवाल और बनवारीलाल बैरवा डिप्टी सीएम बने थे। 2018 में सचिन पायलट डिप्टी सीएम बनाए गए थे। इन सब नेताओं ने डिप्टी सीएम की जगह कैबिनेट मंत्री की ही शपथ ली थी। हालांकि इस बार राजस्थान के साथ ही छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में डिप्टी सीएम बने नेताओं ने कैबिनेट मंत्री की जगह डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी।

**सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका डिप्टी सीएम की शपथ पर आपत्ति** डिप्टी सीएम के पद की शपथ को लेकर पहले भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर हुई हैं। डिप्टी सीएम की शपथ पर आपत्ति को सुप्रीम कोर्ट 1990 में खारिज कर चुका है।

कर्नाटक, पंजाब-हरियाणा, बॉम्बे हाईकोर्ट में भी डिप्टी सीएम की शपथ पर आपत्ति जताते हुए नियुक्ति अवैध घोषित करने की याचिकाएं दायर हुईं, सब जगह याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। कोर्ट ने याचिकाओं को खारिज करते हुए साफ कर दिया था कि डिप्टी सीएम को भी संविधान के आर्टिकल 164(3) के तहत शपथ दिलाई जाती है, डिप्टी सीएम की शपथ लेना संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।